तापमान
अधिकतम 32.4 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 19 अगस्त 2025



पोला त्योहार के लिए बाजार में बिकने लगे मिट्टी के बैल।



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल
हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183



प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण के खेल का आरोप

# अवैध चर्च पर चला बुलडोजर, बिना अनुमति सरकारी जमीन पर कब्जा कर बनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में धर्मांतरण के खिलाफ सोमवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की और पहली बार बुलडोजर चलाया। शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा कर बनाए गए प्रार्थना घर को ज़मींदोज़ कर दिया गया है। इससे पहले हिंदू संगठनों ने यहाँ प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण के खेल का भंडाफोड़ किया था। तब पुलिस कार्रवाई के बाद प्रशासन ने अवैध प्रार्थना घर के निर्माण की जांच शुरू की थी। इस दौरान दिन भर हंगामा और विरोध चलता रहा।

■ इससे पहले हिंदू संगठनों ने यहां किया था हंगामा

दरअसल, सकरी थाना क्षेत्र में भरनी में धर्मांतरण के खेल का भंडाफोड़ हुआ था। यहाँ गाँव में एक मकान में प्रार्थना सभा के आड़ में लोगों का धर्मांतरण कराया जा रहा था। हिन्दू संगठनों के हंगामे के बाद पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज करते हुए शामिल लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की थी। हालांकि, हिंदू संगठन इसके बाद कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। जिसके बाद जिस मकान में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था, उसकी जांच शुरू की गई। जांच में पता चला कि, शासकीय ज़मीन पर अवैध कब्ज़ा कर गाँव की ही सुनीता सूर्यवंशी के परिवार ने प्रार्थना घर का निर्माण कराया था। सरपंच की शिकायत के बाद प्रशासन की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में सोमवार को अवैध प्रार्थना घर पर बुलडोजर चलाया और निर्माण को ज़मींदोज़ कर दिया।

### निर्माण के लिए हुई फंडिंग की भी जांच होगी

कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में हिंदू संगठन, स्थानीय लोग और अवैध कब्जाधारी मौके पर मौजूद रहे। कब्जाधारी जहां कार्रवाई का विरोध करते रहे, वहीं हिन्दू संगठन कार्रवाई के पक्ष में खड़े दिखे। कब्जाधारियों ने बताया कि, वे कई वर्षों से ईसाई धर्म को मान रहे हैं और प्रार्थना कर रहे हैं। उन्होंने लोन लेकर भवन का निर्माण कराया था। हालांकि, वे भी मान रहे हैं कि, निर्माण शासकीय ज़मीन पर अवैध कब्ज़ा कर किया गया था। प्रशासन ने मामले में आगे निर्माण के लिए की गई फंडिंग की भी जांच करने की बात कही है।

### धर्मान्तरण कराने का आरोप, दो महिलाएं गिरफ्तार

प्रार्थना सभा आयोजित कर धर्मान्तरण कराने का आरोप लगाकर हिंदू संगठन के लोगों ने जमकर हंगामा मचाया। उसके बाद पुलिस दो महिलाओं को पकड़कर थाने लेकर आई। सरकण्डा टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया, सोमवार को बहतराई निवासी पूनम शर्मा, प्रमिला केंवट के द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन किया था। जहां महिलाओं की भीड़ लगी हुई थी। दोनों महिलाओं के द्वारा धर्म परिवर्तन करने के लिए प्रलोभन दिया जा रहा था। सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में हिंदू संगठन के सदस्य मौके पर पहुंचकर धर्मान्तरण कराने का आरोप लगाकर हंगामा मचाया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। सभा आयोजित करने वाली दोनों महिलाओं को पकड़कर थाने लेकर आए। पुलिस ने हिंदू संगठन के सदस्य की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 299 के तहत पूनम शर्मा, प्रमिला केंवट को गिरफ्तार कर लिया है।

## सिम्स में एमबीबीएस काउंसलिंग, 42 स्टूडेंट ने कराया पंजीयन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान के ऑडिटोरियम में राज्य कोटे के अंतर्गत एमबीबीएस पाठ्यक्रम की काउंसलिंग शुरू की गई। काउंसलिंग के पहले दिन 42 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया। जिनमें से 27 अभ्यर्थियों का प्रवेश प्रक्रियात्मक रूप से पूर्ण कर लिया। प्रथम राउंड की काउंसलिंग व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई गई। उम्मीदवारों के दस्तावेजों के सत्यापन से लेकर प्रवेश स्वीकृति तक की सभी प्रक्रियाएँ निर्धारित मानकों के आधार पर किया जा रहा है। चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं सिम्स प्रबंधन के अधिकारी काउंसलिंग में उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि 14 अगस्त को ऑल इंडिया कोटे के अंतर्गत 1 अभ्यर्थी का प्रवेश सिम्स में प्रवेश दिया गया है। सिम्स चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति, अधीक्षक डॉ. लखन सिंह,डॉ.मधुमिता मूर्ति, डॉ. सागरिका प्रधान, डॉ. सचिन पांडे, डॉ. कमलजीत बासन, डॉ. कालीचरण नथनी, डॉ. माधुरी अंजना कुजूर, डॉ. जंदेल सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।



# पैर छूकर माफी नहीं मांगने पर किया था चाकू से हमला, छात्र की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्कूल में हुए विवाद को लेकर पैर छूकर मांफी नहीं मांगने पर कक्षा बारहवीं के छात्र पर चाकू से जान लेवा हमला कर दिया गया था। घायल छात्र को इलाज के लिए रायपुर में भर्ती कराया गया था। सोमवार को इलाज के दौरान छात्र मौत हो गई है। पुलिस इस मामले में 7 हमलावरों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।



■ 7 हमलावर हो चुके हैं गिरफ्तार, अब हत्या की धारा जोड़ी जाएगी

सिविल लाइन थाना के एएसआई मस्तराम कश्यप ने बताया कि कस्तूरबा नगर निवासी महेश यादव पिता विशाल यादव कक्षा बारहवीं का छात्र था। पूर्व में स्कूल में उसका स्कूल में समीर अंसारी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। उसी बात को लेकर 1 अगस्त को रात करीब 10 बजे उसे समीर अंसारी ने राजीव गांधी चौक में मिलने बुलाया। महेश यादव राजीव गांधी चौक गया तो समीर अंसारी अपने दोस्तों के साथ खड़ा हुआ था। महेश यादव ने स्कूल के विवाद पर उससे माफी मांगी, किन्तु समीर अंसारी ने सोशल मीडिया में वीडियो वायरल करने पैर छूकर सारी बोलने कहा। उसने मना कर दिया तो समीर अंसारी एवं उसके दोस्त उसके साथ मारपीट करने लगे। इसी बीच पीछे से उस पर चाकू से जान लेवा हमला कर दिया। गंभीर अवस्था में महेश को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। उसकी स्थिति को देखते हुए तीन दिन पहले परिजन ने रिफर कराकर रायपुर के निजी हास्पिटल में भर्ती कराया था।

एएसआई श्री कश्यप ने बताया, उनके बड़े भाई अजय यादव ने सूचना दी है, सोमवार को रायपुर में इलाज के दौरान महेश की मौत हो गई है।

### पुलिस खेलती रही धारा का खेल

घटना के दिन सिविल लाइन पुलिस ने बड़े भाई अजय यादव की रिपोर्ट पर हमलावर समीर अंसारी एवं अन्य के खिलाफ साधारण मारपीट की धारा 115, 2, 296, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली थी। एफआईआर में नहीं लिखा कि चाकू से हमला हुआ था। एएसआई कश्यप ने बताया, घायल युवक की जांच के बाद डाक्टरों के द्वारा चाकू से हमला होने की पुष्टि की गई। उसके बाद पृथक से हत्या के प्रयास बीएनएस की धारा 109 व 25 , 27 आर्म्स की धारा जोड़कर आरोपी तालापारा निवासी समीर अंसारी, कृष्णा उपाध्याय, तैय्यब, मो जुनैद, मुस्तकी उर्फ इमू, सैय्यद अहमद उर्फ राजा, अब्दुल नाजिद खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। उन्होंने बताया कि मर्ग डायरी मिलने पर मामले में हत्या की धारा जोड़ी जाएगी।

# महिला ने खुद पर पेट्रोल डालकर मचाया हंगामा

**बिलासपुर।** गुण्डा बदमाश के खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्रवाई करने पर उसकी पत्नी ने थाने में खुद पर पेट्रोल डालकर आत्महत्या करने की कोशिश की और जमकर हंगामा मचाया। पुलिस महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने बताया कि सोमवार को सिविल लाइन पुलिस ने गुण्डा बदमाश जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी संजू टण्डन को घेराबंदी कर पकड़ा, तलाशी लेने पर उसके पास चाकू मिला। उसके खिलाफ थाने में आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की जा रही थी। दोपहर 1.30 बजे उसकी पत्नी मंजू टण्डन सिविल लाइन थाने पहुंची और पति के खिलाफ कार्रवाई को लेकर हंगामा मचाने लगी। पुलिसकर्मियों ने उसकी हरकतों को अनदेखा किया तो उसने थाने के पोर्च में अचानक बोतल निकालकर अपने ऊपर पेट्रोल उड़ेल लिया और आग लगाकर आत्महत्या करने की धमकी देने लगी। आनन फानन में पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ा। उसके बाद भी वह थाने के अंदर हंगामा मचाती रही। काफी मशक्कत के बाद उसे समझाइश देकर शांत कराया गया है। सीएसपी श्री परिहार ने बताया थाने में हंगामा मचाने पर महिला मंजू टण्डन के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कोर्ट में पेश किया गया है।



लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी

• बी एससी नर्सिंग*
• डी फार्मेसी*

प्रस्तावित सत्र 2025-26 हेतु



विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा
सर्वोत्तम खेल परिसर एवं सुविधाएं
छात्रावास एवं परिवहन सुविधा
अत्यधिक सुसज्जित प्रयोगशालाएं
5000 पुस्तकों से युक्त समृद्ध पुस्तकालय
हरा और हाईटेक परिसर
योग्य एवं अनुभवी संकाय
108 बिस्तरों वाला पेरेंट हॉस्पिटल

मुख्य परिसर
लीलास नॉलेज पार्क, ब्लॉक - ए, बी, सी, ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, तह.-पाटन, जिला-दुर्ग
सिटी परिसर
लीलास फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एंड हेल्थ, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे संस्थागत क्षेत्र, गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, रायपुर

91318 80895, 97706 60186, 70241 25200

सामाजिक जिम्मेदारी का आगाज़....

हरिभूमि
हरियाली अभियान

DR. C.V.RAMAN UNIVERSITY
www.cvru.ac.in | E-mail info@cvru.ac.in

हरियाली को बनाएं शहर की पहचान
मिलजुलकर पेड़-पौधों को दें जीवन दान
ताकि आने वाली पीढ़ी देखे आपका योगदान



हरियाली और सुकून बिलासपुर की पहचान रहा है।
पिछली पीढ़ी ने अरपा के प्रवाह को देखा है,
हरियाली से ढंकी सड़कों पर वक्त गुजारा है।
विकास की मजबूरी ने इस पहचान पर प्रहार किया है।
आज जरूरत है बिलासपुर की
पहचान को बरकरार रखने की।
हमारा शहर फिर हरा-भरा हो सकता है।
इसके लिए जन-जन को संकल्प लेना होगा।
आज के पौधे अगली पीढ़ी को छांव देंगे,
उनके जीवन को सरस और स्वस्थ बनाएंगे।
हरिभूमि इस अभियान के जरिए
शहरवासियों से आह्वान करता है
कि एक पौधा जरूर लगाएं और सुंदर शहर की
परिकल्पना को साकार करें।



तब



अब

आज का पौधरोपण कार्यक्रम

स्थान : वसुंधरा नगर गार्डन,
पल्लव भवन के सामने, बिलासपुर (छ.ग.)
समय : दोपहर 12:00 बजे

अभियान सहयोगी
The Foundation Bilaspur (C.G.) — Foundation Cricket Academy
MARK HOSPITAL — Tertiary Care - Super Speciality Hospital, NABH Accredited Hospital, Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.), Contact No: 07752-796230, 9039028850
pnb
DCT Real Estate Developers Bilaspur (C.G.)
Brilliant Public School — Igniting Wisdom
AADHARSHILA BULDERS PVT. LTD. Tikrapara Bilaspur
CREDAI — है तो भरोसा है — Confederation of Real Estate Developers Association of India BILASPUR

## खबर संक्षेप

### श्री स्पेशल केयर सेंटर ने दी हम भी कुछ कर सकते हैं नाटक की प्रस्तुति



बिलासपुर। श्री स्पेशल केयर सेंटर एवं श्री क्लिनिक के संयुक्त तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मंजू मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। समारोह का मुख्य आकर्षण नाटक "हम भी कुछ कर सकते हैं" रहा, जिसे श्री स्पेशल केयर सेंटर के शिक्षक एवं श्री क्लिनिक के थैरेपिस्ट ने मंचित किया। नाटक ने यह संदेश दिया कि यदि समाज में सभी लोग मिलकर सहयोग और समर्पण की भावना से आगे बढ़ें तो सकारात्मक परिवर्तन संभव है। उपस्थित दर्शकों ने इस प्रस्तुति की भरपूर सराहना की। इस अवसर पर श्री क्लिनिक की 27वीं वर्षगांठ भी मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उषा मुदलियार ने की। डॉ. सुजाता बाजपेई ने नीदरलैंड से शुभकामनाएं भेजीं।

### पार्षद वाधवानी ने शिक्षा एवं विकास कार्य के लिए की दो लाख की घोषणा



बिलासपुर। पार्षद जय वाधवानी ने लिंगीयाडीह आत्मानंद स्कूल में शिक्षा एवं विकास कार्य के लिए की दो लाख की घोषणा। स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर लिंगीयाडीह स्थित आत्मानंद स्कूल में वार्ड पार्षद जय वाधवानी द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए कहा हमारे भारत देश को विश्वगुरु बनाने देश को आगे बढ़ाने के लिए अपने गुरुओं का सम्मान करना शिक्षा के प्रति बच्चों को जागरूक करने की अपिल की और शिक्षा को बढ़ाने और स्कूल परिसर में विकास कार्य लिए दो लाख देने की बड़ी घोषणा की जिसके लिए शाला के प्राचार्य श्री एम.के.मिश्रा जी एवं शाला परिवार द्वारा आभार प्रकट किया गया।

### आई-किड्स जुनियर ने स्वतंत्रता दिवस मनाया, बताया महत्व

बिलासपुर। करबला रोड स्थित आई-किड्स जुनियर ने स्वतंत्रता बड़े धूमधाम से मनाया। आजादी के इस अमृत



महोत्सव पर स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं ध्वजारोहण के साथ विभिन्न कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. गीता दीक्षित एवं डॉ. विजय दीक्षित थे। उन्होंने बच्चों को आजादी का महत्व बताया एवं आजाद भारत में अच्छे नागरिक बनने के गुण बताए। मुख्य अतिथि ने बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए। पालक भी उपस्थित होकर बच्चों का मनोबल बढ़ाया एवं शिक्षकों को सफल आयोजन की बधाई दी। शाला की प्राचार्य शशी माधव गुप्ता ने अमर बलिदानों को श्रद्धांजलि दी। सेंटर हेड नितिका ने भी संबोधित किया।

### सिंधी युवक समिति के अध्यक्ष लाहौरानी ने किया ध्वजारोहण



बिलासपुर। स्वतंत्रता दिवस पर सिंधी युवक समिति के सानिध्य में सिंधी युवक समिति द्वारा संचालित सिंधु विद्या मंदिर में सिंधी युवक समिति के अध्यक्ष मुख्य अतिथि मनीष लाहौरानी ने झंडा रोहण किया। स्कूली बच्चों ने देशभक्ति के गीत एवं नृत्य किया। तत्पश्चात बूंदी सेव का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सिंधी युवक समिति के संरक्षक अशोक बजाज, महामंत्री अमित संतवाणी, कोषाध्यक्ष मुकेश मूलचंदानी, कैलाश मलगनी सिंधु विद्या मंदिर के अध्यक्ष कैलाश श्याम वाणी, ओम प्रकाश मनचंदा, गोपाल सिधवानी, कृष्ण बजाज, गोविंद बत्रा, संजय मटलानी, राहुल जाग्यासी, रवि बजाज, राज भाटिया, मनोहर जयवामी, गोवर्धन चेतानी, हीरानंद, मनोहर लाल खटवानी आदि मौजूद थे।

### तालापारा नूरानी मस्जिद प्रागंण में लहराया तिरंगा



बिलासपुर। स्वतंत्रता दिवस पर तालापारा नूरानी मस्जिद प्रागंण में दारूल उलूम गौसिया एजुकेशन सोसाइटी, रमजानी बाबा दरगाह कमेटी द्वारा संयुक्त ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व महापौर रामशरण यादव, तारबाहर के इमाम आरिफ अंजूम, नूरानी मस्जिद के इमाम गुलाम ईशा, हुसैनी मस्जिद के इमाम सैय्यद जहीर आगा ने देश की आजादी के बारे में अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन दारूल उलूम गौसिया एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष शेख नजीरूद्दीन छोटे (पूर्व सभापति) ने किया। इस मौके पर गौस भाई,सराफत खान (पूर्व रिटायर पुलिस अधिकारि) हाफिज शरीफ, हाफिज शहीद, हाफिज ताहीर,हाफिज सलमान, शेख निजामुद्दीन दुलारे, राजा, आदिल, सब्बू, बबला, अरमान अली सहित मदरसा दारूल उलूम गौसिया एजुकेशन सोसाइटी के अध्ययन रत बच्चे व मोहल्ले के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**निवारक सतर्कता अभियान** — मुख्यमंत्री के सचिव ने किया अभियान का शुभारंभ

# सार्वजनिक क्षेत्र में पारदर्शिता होती है आवश्यक : दयानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



एसईसीएल मुख्यालय में तीन माह के निवारक सतर्कता अभियान का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानन्द ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन ने की।

मुख्य अतिथि श्री दयानंद ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र में पीएसयू हो या राज्य शासन, चीजों का पारदर्शी होना बेहद आवश्यक है। इस प्रकार के आयोजन से सतर्कता एवं पारदर्शी कार्य संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम एवं राज्य शासन दोनों ही एक दूसरे के पूरक है तथा क्षेत्र के विकास के लिए इन दोनों में परस्पर सहयोग एवं समन्वय बेहद आवश्यक है। एसईसीएल के सीएमडी श्री दुहन ने कहा कि मैं टीम एसईसीएल के हर सदस्य से यह आह्वान करना चाहूँगा कि हम जो भी करें नियम एवं नीति के दायरे में रहकर पूरी ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा के साथ करें। उन्होने कहा कि एसईसीएल को अपने कार्यसंचालन को बेहतर बनाने के लिए राज्य शासन से निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग मिलता रहता है। इसी का परिणाम है कि इस वर्ष हम मेगा प्रोजेक्ट्स में भू-अधिग्रहण की प्रक्रिया में तेज़ी ला पाए हैं। उन्होंने भू-अधिग्रहण एवं अन्य क्षेत्रों में राज्य शासन से वांछित सहयोग से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की।

### 'सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी' निर्धारित की गई : जैन

इस अवसर पर मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन ने बताया कि केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा इस वर्ष के अभियान की थीम "सतर्कता : हमारी साझा ज़िम्मेदारी" निर्धारित की गई है। सतर्कता विभाग द्वारा एसईसीएल में कार्यसंचालन को बेहतर बनाने के लिए कई प्रयास किए गए हैं। जैसे कोयले की गुणवत्ता में सुधार के लिए थर्ड पार्टी टेस्टिंग, सी सी टी वी निगरानी और रियल टाइम सुपरविजन जैसे उपायों से पारदर्शी प्रणाली विकसित की गई है। खरीद प्रक्रियाओं में एस ओ पी आधारित बिल प्रोसेसिंग, एफआईएफओ क्लियरेंस और एसएपी आधारित ट्रैकिंग लागू की गई है। संपत्ति प्रबंधन को मजबूत करने के लिए मशीनों का सत्यापन और डिजिटल टैगिंग की गई है। इस अवसर पर सुनील जैन, आयुक्त, एसईसीएल निदेशक तकनीकी (संचालन सह योजना/परियोजना) एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक बिरँची दास, एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, महाप्रबंधक नागेश्वर राव आदि मौजूद थे।

# 3 दिनों की छुट्टी के बाद सिम्स में टूटा रिकार्ड, एक साथ 2650 मरीज पहुंचे

बिलासपुर। लगातार 3 दिनों की छुट्टी के बाद सिम्स में मरीजों के आने का सिलसिला बढ़ गया। एक ही दिन में 2650 से अधिक मरीज ओपीडी में अपना इलाज कराते रहे। वही 145 मरीजों को सिम्स में भर्ती कराया गया। मौसम की मार, एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल के कारण स्वास्थ्य सेवाएं ठप हैं, जिसके चलते सिम्स में मरीजों की संख्या में एकाएक इजाफा देखा गया, डाक्टरों को ढाई बजे तक ड्यूटी करना पड़ा।

शुक्रवार से रविवार के बीच लगातार छुट्टी होने के कारण सिम्स में सोमवार को मरीजों की भारी भीड़ रही, इस दौरान मेडिसीन विभाग में 450 मरीज आए, ज्यादातर मरीजों में वायरल फीवर और मौसमी बीमारियों की चपेट में आए मरीजों ने इलाज कराया। गायनिक वार्ड में 332 महिलाओं ने ओपीडी की पर्ची कटाई। खास बात यह है कि इस दौरान स्कीन से संबंधित इलाज के लिए 345 से अधिक मरीजों ने ओपीडी की पर्ची कटाई। सिम्स के 3 फ्लोर में पैर रखने की जगह भी नहीं बची थी। एकाएक इतनी भीड़ देख कर्मचारी भी असमंजस्य में आए हालांकि अधीक्षक डॉ लखन सिंह ने स्थिति को भांपते हुए बेहतर विकल्प के तौर पर ऑनलाइन और आफ लाइन दोनों पर्ची काटने के आदेश दिए और मोबाइल के माध्यम से ही पंजीयन कराया। इस दौरान उन्होंने स्वयं ही ओपीडी में मरीजों को देखा और अन्य वरिष्ठ डाक्टरों को भी ओपीडी में व्यवस्था संभालने के आदेश दिए।

**ढाई बजे तक लगी रही ओपीडी**



**हड़ताल के कारण बढ़ा दबाव**

जिले में एनएचएम कर्मचारी हड़ताल पर है, इसकी घोषणा पहले से ही कर दी गई थी, ऐसे में दूर दराज के मरीज सीधे सिम्स पहुंचे और अपना इलाज कराया। जांच के सैंपल कलेक्शन को लेकर सिम्स में थोड़ी व्यवस्था बिगड़ती दिखी, इस दौरान एक साथ मरीज आने के कारण सैंपल कलेक्शन में काफी देरी होती रही, लेकिन कर्मचारियों ने ज्यादातर मरीजों का सैंपल समय पर ले लिया।

**सुधारा गया सिस्टम**

मरीजों की भीड़ तो आई थी, लेकिन हमारी व्यवस्था ने काम किया। सिस्टम पहले से दुरूस्त किया गया है, पंजीयन से लेकर इलाज और टेस्ट सभी ऑनलाइन कर दिया गया है, जल्द ही और भी बेहतर तरीके से काम किया जाएगा।

- **डॉ लखन सिंह,** अधीक्षक, सिम्स



### एनएचएम की हड़ताल से पटरी से उतरी स्वास्थ्य सेवाएं

नेशनल हेल्थ मिशन के अंतर्गत स्वास्थ्य केन्द्र और अस्पतालों में ड्यूटी देने वाले समस्त कर्मचारियों ने अनिश्चित कालीन हड़ताल की राह पकड़ ली है, इसका नतीजा यह है कि स्वास्थ्य सेवाएं पटरी से उतर चुकी है। अस्पतालों में रिपोर्ट से लेकर जांच तक प्रभावित रही। इस दौरान मरीजों को इलाज के लिए संघर्ष करना पड़ा, और काफी लेटलतीफी और अव्यवस्था के बीच इलाज हो सका। शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई रही, हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने अधिकारियों का कहना है कि नियमित कर्मचारियों ने व्यवस्था संभाल रखी है।

# पंद्रह दिनों में भी टेल एरिया तक नहीं पहुंचा खूंटाघाट का पानी, किसानों में मचा हाहाकार

- कलेक्टर को समस्या बताने पहुंचे पंद्रह गांवों के लोग
- फसल सूखने की स्थिति में, प्रभावित होगा उत्पादन



बिलासपुर। खूंटाघाट बांध से नहरों में छोड़ा गया पानी आज पंद्रह दिनों बाद भी अंतिम छोर तक नहीं पहुंच सका है। बारिश के अभाव के बाद नहर का पानी भी नहीं पहुंचने से परेशान पंद्रह ग्राम पंचायतों के किसान सोमवार को कलेक्टर के पास शिकायत लेकर पहुंचे।

किसानों का कहना है कि खेतों में पानी लगभग नहीं के बराबर है। कुछ समय और यही हालत रही तो इसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ने वाला है।

खारंग जलाशय खूंटाघाट का पानी वेस्टवियर के बजाए नहरों के माध्यम से ही छोड़ा जाए, ताकि जरूरतमंद किसानों को पानी की उपलब्धता हो। सिंचाई विभाग ने ऐसा उद्देश्य लेकर 3 अगस्त से बांध की बायीं व दाहिनी दोनों तटनहरों के गेट खोल दिए थे। नहरों में पानी छोड़ते आज पंद्रह दिन पूरे हो चुके हैं। सुनने में थोड़ा आश्चर्यजनक है, लेकिन आज पंद्रह दिनों बाद भी नहर का पानी 75 किलोमीटर दूर स्थित गांवों तक नहीं पहुंच सका है। बीते पंद्रह दिनों से जिले में तेज बारिश नहीं हुई है, जिससे किसानों को नहर के पानी से ही सिंचाई की पूरी उम्मींद थी।

#### इन गांवों में पानी की बड़ी दिक्कत

खूंटाघाट की नहरों से पानी नहीं पहुंच पाने के बाद सर्वाधिक प्रभावित होने वाले गांवों में मस्तूरी क्षेत्र की करीब पंद्रह ग्राम पंचायतें हैं। इनमें चिल्हाटी, चिस्दा, लोहर्सी, जोंधरा, सोनसरी, सोन, परसोढ़ी, केंवटाडीह, कुकुर्दीकला, अमलडीहा सहित अनेक गांव शामिल हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या केवल वर्तमान की नहीं, बल्कि हर साल की है।

#### की जा रही है व्यवस्था

खूंटाघाट से सोन-सोनसरी की दूरी 75 किलोमीटर है। बांध से 25-30 किलोमीटर दूरी पर स्थित गांवों को सबसे पहले पर्याप्त पानी मिलता ही है। मुख्य नहर की क्षमता इतनी नहीं है कि पूरे एरिया में जल्द से जल्द पानी पहुंचा सके। अंतिम क्षेत्र तक पानी पहुंचने में आमतौर पर 25 दिन का समय लग ही जाता है। विभाग सतत निगरानी कर रहा है। शुरूआत वाले गांवों में सिंचाई होने की स्थिति में छोटी नहरों को बंद करवाकर टेल एरिया तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है।

-**मधु कुमार चंद्रा**, ईई, खारंग जलसंसाधन संभाग

### डिजिटल तिरंगा स्लोगन प्रतियोगिता आज

बिलासपुर। छग रजत महोत्सव 2025-26 अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम होंगे। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों को जिम्मेदारी सौंपी है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 19 अगस्त को डिजिटल तिरंगा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक सभी महाविद्यालयों एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में किया जाएगा। 20 अगस्त को जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभाकक्ष में 3 बजे से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन एवं शाम 4 बजे से 25 वर्षों में समरस एवं समृद्ध छत्तीसगढ़ विषय पर संगोष्ठी होगी। 21 अगस्त को स्व. लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में दोपहर 3 बजे से लोक नृत्य, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता होगी। 22 अगस्त को छत्तीसगढ़ी फूड फेस्टिवल, परंपरा तीज, पोला का आयोजन किया जाएगा।

## मनुष्य दृढ़ संकल्प कर ले तो ऊंचे लक्ष्य को प्राप्त कर सकता: प्रो. सारस्वत

बिलासपुर। पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय में अखंड भारत संकल्प दिवस की स्मृति में स्वाधीनता से स्वतंत्रता की ओर विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में एनआईटी भोपाल के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. सदानंद दामोदर सप्रे शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वीरेंद्र कुमार सारस्वत ने की।

इस विशेष व्याख्यान माला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सदानंद दामोदर सप्रे ने कहा कि अभी कुछ वर्षों से 15 अगस्त के अवसर पर देश की तस्वीर कुछ बदलती हुई दिखाई पड़ती है। छोटे या बड़े बच्चें राष्ट्रीय ध्वज को धारण करके एक सकारात्मक भाव के साथ अपने इस राष्ट्रीय पर्व पर गर्व की अनुभूति करते हुए भ्रमण करते दिखाई पड़ते हैं। उन्होंने कहा की 14 अगस्त विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाई जाती है। 14-15 अगस्त की मध्य रात्रि को देश का विभाजन हुआ और एक देश को टुकड़े कर दूसरा देश का निर्माण किया गया, क्या यह एक दुखदाई घटना नहीं है। एक भारतीय होने के नाते हम सभी के मन में इस विषय की वेदना होनी चाहिए।

#### अखंड भारत का विषय किसी एक वर्ग के लिए असंभव

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वीरेंद्र कुमार सारस्वत ने कहा कि इतिहास में ऐसे बहुत से उदाहरण हैं कि मनुष्य यदि दृढ़ संकल्प कर लें तो वह ऊंचे से उसे लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। भले ही आज अखंड भारत का विषय समाज के किसी एक वर्ग के लिए असंभव सी लगने वाली बात ही क्यों ना हो, पर जिस प्रकार समय करवट ले रहा है, भविष्य में असंभव से दिखने वाले परिवर्तन भी घटित हो सकते हैं। आज इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से आवश्यकता है हम अपने नवीन पीढ़ी में इन भावों का संचार करें। कुलसचिव भुवन सिंह राज ने विषय की प्रस्तावना रखी। कार्यक्रम के समापन सत्र में आभार व्यक्त करते हुए मानविकी संकाय के निदेशक डॉ. हीरालाल शर्मा ने इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## हम स्वाधीन हुए, परंतु अभी भी पूर्ण रूप से स्वतंत्र नहीं : डॉ. सदानंद

बिलासपुर। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में भारत के पुनरुत्थान में प्रबुद्ध वर्ग की भूमिका विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्राध्यापक डॉ. सदानंद दामोदर सप्रे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम स्वाधीन हुए हैं, परंतु अभी भी पूर्ण रूप से स्वतंत्र नहीं हैं। उन्होंने प्रश्न उठाया कि क्या हम भारतीय विचारों और मूल्यों पर चल रहे हैं, साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आज भारत को विदेशी उत्पादन विशेषकर चीन से आयात पर निर्भरता कम कर भारत में निर्मित वस्तुओं का उपयोग बढ़ाना चाहिए। मुख्य वक्ता डॉ. सदानंद दामोदर सप्रे ने अर्थशास्त्र की भारतीय अवधारणा का उल्लेख करते हुए कहा कि सर्वे भवन्तु सुखिनः का सिद्धांत ही हमारी नीति का मूल आधार है। भारतीय अर्थनीतियों में सदैव लघु उद्योगों से लेकर बड़े उद्योगों तक सभी को महत्व दिया गया है। उन्होंने पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों का उदाहरण देते हुए कहा कि देश के अनुकूल कार्य करना ही सच्चा राष्ट्रधर्म है। डॉ. सप्रे ने यह भी कहा कि तंत्र तभी सुधरेगा जब हम सब उसे सुधारने की दिशा में कार्य करेंगे।

#### प्रबुद्ध वर्ग ने किया नेतृत्व : कुलपति बाजपेयी

विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकरनाथ बाजपेयी ने कहा कि आज के युवाओं को स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर राष्ट्र के पुनरुत्थान में योगदान देना चाहिए। कुलपति ने यह भी कहा कि प्रबुद्ध वर्ग ने ही समाज परिवर्तन का नेतृत्व किया है और स्वतंत्रता संग्राम से लेकर राष्ट्र निर्माण तक में योगदान दिया है। विश्वविद्यालय का भी यह दायित्व है कि वह तकनीकी ज्ञान और अनुसंधान के माध्यम से देश के विकास में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। कुलसचिव डॉ. तारणीश गौतम ने कहा कि इस व्याख्यान से सभी को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। मंच संचालन डॉ. अतुल दुबे ने किया।

## एजुकेशन प्लस

### मैक्सिम कंसल्टेंसी के डाक्टरों ने मारी बाजी






बिलासपुर। तिलक नगर स्थित मैगजीन कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर डॉक्टर सुधाकर तिवारी ने बताया कि विदेश से अपना एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण करके आए डॉक्टर का एनएमसी द्वारा एफएमजीई की परीक्षा ली जाती है। जिससे प्रथम प्रयास में बहुतायत छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल की है।

उन्होंने बताया कि हमारी संस्था गत 35 वर्षों से निरंतर सफलतापूर्वक छत्तीसगढ़ के साथ पूरे भारत के छात्र-छात्राओं को बहुत कम खर्चे में रसिया के गवर्नमेंट मेडिकल यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस कराते आ रही है। वर्तमान वर्ष तक मैक्सिम कंसल्टेंसी के 5720 डाक्टर सफलतापूर्वक अपनी पढ़ाई कर एफएमजीई पास कर अंचल के ख्याति प्राप्त संस्थानों अपोलो एक्सकार्ट, रामकृष्ण मेकाहारा, सिम्स के साथ गवर्नमेंट हॉस्पिटलों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस वर्ष उत्तीर्ण हुए डॉक्टरों में डॉ रुचि शाहा, डॉ कृतिका पांडेय, डॉ अक्षिता जैन, डॉ नंदिता संतोष, डॉ प्रज्ञा रंगारी, डॉ वेरोनिका शिवहरे, डॉ एलेन जेकब, डॉ गोकुल शाहा, डॉ यशवंत चंद्राकर, डॉ अभिमन्यु रैकवार, डॉ कुनाल बुंदेला, डॉ ताव सारस्वत आदि छात्रों ने सफलता अर्जित की है। संस्था के डायरेक्टर ने इस सफलता के लिए रसिया के अध्ययन प्रणाली टॉप रैंकिंग यूनिवर्सिटी के फैकल्टी के साथ डॉक्टर की कड़ी मेहनत को दिया है। वह उनके उज्जवल भविष्य की कामना करने डॉक्टरों को बधाई दी।

### ऑल इंडिया टैलेंट सर्च एग्जाम अक्टूबर में

बिलासपुर। देशभर के विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचान देने और उन्हें भविष्य की सही दिशा दिखाने वाला प्रतिष्ठित ऑल इंडिया टैलेंट सर्च एग्जाम 2026 अब बिलासपुर में आयोजित होने जा रहा है।

यह परीक्षा 12 अक्टूबर रविवार को होगी और इसमें कक्षा 5वीं से 10वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। टैलेंटेक्स उन विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर है जो राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता को साबित करना चाहते हैं। इस परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थियों को 250 करोड़ तक की स्कॉलरशिप दी जाएगी। साथ ही श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 2.5 करोड़ तक के आकर्षक कैश प्राइज भी दिए जाएंगे। यह परीक्षा एलन करियर इंस्टीटयूट द्वारा आयोजित की जाती है। विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह ऑफलाइन (पेन-पेपर मोड) और ऑनलाइन दोनों माध्यमों में होगी। पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और सीमित सीटों के कारण अभिभावकों से अपील है कि वे समय रहते अपने बच्चों का नाम दर्ज कराए। पंजीकरण के लिए विद्यार्थी **www.tallentex.com** पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या सीधे बिलासपुर स्थित एलन करियर इंस्टीटयूट सेंटर में जाकर फॉर्म भर सकते हैं।

## हेल्थ प्लस

### मार्क हॉस्पिटल लेकर आया नई उपलब्धि



बिलासपुर। मार्क हॉस्पिटल अब स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और नई उपलब्धि लेकर आया है। अस्पताल में न्यूरोलॉजी विभाग की पूर्ण कार्यशील शुरुआत हो चुकी है, जिससे मस्तिष्क, नसों और तंत्रिका तंत्र से संबंधित बीमारियों का इलाज अब बिलासपुर में ही संभव हो पाएगा। विशेषज्ञ देखरेख और आधुनिक तकनीक मार्क हॉस्पिटल में न्यूरोलॉजी विभाग का संचालन अनुभवी चिकित्सकों और प्रशिक्षित मेडिकल टीम द्वारा किया जाएगा। विभाग में मिर्गी, ब्रेन स्ट्रोक, नसों की कमजोरी, सिरदर्द, पार्किंसन्स डिजीज जैसी जटिल बीमारियों के निदान और इलाज की आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। मार्क हॉस्पिटल का आईसीयू इस पूरे क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखता है। यहां 24 घंटे विशेषज्ञ डॉक्टरों और प्रशिक्षित नर्सों की निगरानी रहती है। अत्याधुनिक मॉनिटरिंग सिस्टम, वेंटिलेटर और अन्य जीवन रक्षक उपकरणों के माध्यम से गंभीर हालत वाले मरीजों को भी सुरक्षित और समय पर चिकित्सा उपलब्ध कराई जाती है। डायरेक्टर डॉ. कमलेश कुमार मौर्य ने बताया कि ईमानदारी ही हमारी ताकत है। मार्क हॉस्पिटल का उद्देश्य केवल रोगों का इलाज करना नहीं है, बल्कि मरीजों और उनके परिजनों के मन में विश्वास और उम्मीद जगाना है। न्यूरोलॉजी विभाग की शुरुआत से अब बिलासपुर और आसपास के मरीजों को बड़े शहरों की ओर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। न्यूरोलॉजी विभाग की शुरुआत से अब स्थानीय स्तर पर भी जटिल बीमारियों का उच्चस्तरीय उपचार संभव हो गया है।

## बिजनेस प्लस

### राजेंद्र शुक्ला का फैंस क्लब ने मनाया जन्मदिन




बिलासपुर। फैंस क्लब द्वारा जिला कांग्रेस व कृषि उपज मंडी समिति बिलासपुर के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र शुक्ला का जन्मदिवस देवरी जेठानी मंदिर प्रांगण में मनाया गया। कार्यक्रम में कोटा विधायक अटल श्रीवस्ताव, जिला पंचायत सदस्य अनिता शुक्ला, प्रमोद नायक, शेख नजीरुदीन, राजमहंत बी. डी कोशले, नानक रेलवानी, जोगेंद्र सलूजा, विनोद दिवाकर, नेतराम साहू, हजारी भारद्वाज, इन्द्राणी कौशिक, पार्षद भावेश यादव, एजाज अहमद, कृष्णा साहू, गीता साहू, आशीष खत्री, राजेंद्र शुक्ला फैंस क्लब से पिंटू सांडे, अमित दीक्षित, राकेश पाटले, दिलीप भंडारी, राजेंद्र साहू डब्बू, त्रिलोक श्रीवास, डॉ. राजेश यादव, मणिशंकर शर्मा मौजूद थे। न्यू जानता हॉस्पिटल तिफरा के पास शनिवार को राजेंद्र शुक्ला का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. राजेश यादव,मनोज पाटकर, दिनेश चाँदनी, संत सर्वे, अमित यादव, विकास पाटकर, सोनू डहरिया, जयमल सूर्यवंशी, मनीष खोबरगाड़े, राज चौहान, गोलू गढ़ेवाल, कृष्ण लस्कर, विश्व पाटकर, राज पाटकर, करण सूर्या, ऋषभ पाटकर आदि मौजूद थे।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 19 अगस्त 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

एजुकेशन

## पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में 31 तक आवेदन

**बिलासपुर।** पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी, बिलासपुर ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय ने 31 अगस्त तक आवेदन करने की अंतिम तिथि तय की है। यह अवसर उन विद्यार्थियों और कामकाजी लोगों के लिए खास है, जो नियमित कॉलेज नहीं जा सकते और अपनी



पढ़ाई पूरी करना चाहते हैं। शासकीय कर्मचारी भी विभागीय अनुमति लेकर विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि सभी सरकारी विभागों द्वारा परीक्षा में शामिल होने की अनुमति सामान्य प्रक्रिया के रूप में दी जाती है। विश्वविद्यालय ने यह भी निर्देश दिए हैं कि जिन छात्रों के प्रथम, द्वितीय या तृतीय वर्ष/सेमेस्टर के परिणाम घोषित नहीं हुए हैं, वे भी अगली कक्षा में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं। पुराने विद्यार्थी अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर और नामांकन संख्या के माध्यम से लॉगिन कर पाठ्यक्रम जोड़ सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर आवेदन पत्र विश्वविद्यालय कार्यालय, बिलासपुर से भी प्राप्त किया जा सकता है।

# गणपति बप्पा की बन रही आकर्षक मूर्तियां

### मूर्तिकार दे रहें आकार, गणेशोत्सव समितियों की तैयारियां जोरों पर

गणेशोत्सव अब एकदम निकट है। भाद्र पद माह की चतुर्थी 27 अगस्त को पड़ रही है। इस दिन से शहर में गणेश बप्पा का उत्सव शुरू हो जाएगा और जगह-जगह गणेश प्रतिमा स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए गणेशोत्सव समिति की तैयारियां आरंभ हो गई है। कई लोग मूर्तिकारों से कुछ अलग तरह की प्रतिमा बनवा रहे हैं। ये प्रतिमाएं पूरे उत्सव के दौरान लोगों के बीच आकर्षण की केंद्र रहेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भगवान गणेश को हर माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि समर्पित है। इस शुभ तिथि पर गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना करने का विधान है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भाद्रपद माह की चतुर्थी तिथि पर भगवान गणेश का अवतरण हुआ था, इसलिए इस तिथि को गणेश चतुर्थी मनाई जाती है। इस दिन लोग अपने-अपने घरों में भगवान गणेश को विराजमान कर उनकी पूजा-अर्चना करेंगे और 10 दिन बाद अनंत चतुर्दशी को इसका विसर्जन होगा। भाद्रपद माह की चतुर्थी तिथि की शुरुआत 26 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 54 मिनट से होगी और इसका समापन 27 अगस्त को दोपहर 3 बजकर 44 मिनट पर होगी।

### समुद्री आयटमों से बन रही मूर्ति

तोरवा सांई मंदिर के पास श्री गणेशाय समिति द्वारा इस बार समुद्री आयटमों से गणेश की प्रतिमा बनवाई जा रही है। मूर्ति को मूर्त रूप दे रहे मूर्तिकार सूजित सूत्रधर ने बताया कि गणेश प्रतिमा 8 फीट की है। इसे कौड़ी, शंख, शिप सहित अन्य समुद्री आयटमों का उपयोग कर आकर्षक रूप दिया जा रहा है। इसे बनाने में काफी समय लग रहा है पर बनने के बाद यह लोगों के बीच आकर्षण की केंद्र रहेगी। समिति के अध्यक्ष बिट्टू घोष ने बताया कि इसके पहले काजू-बादाम, रूद्राक्ष, सौंफ, मोमबत्ती, धूप, फूल, साबूदाना, चावल, दाल व लौंग से गणेश प्रतिमा बनवाई जा चुकी है। जिसे शहरवासियों ने काफी पसंद किया था।

### पेंटिंग करते हुए दिखेंगे विघ्न विनाशक

मेन रोड दयालबंद में विघ्न विनाशक पेंटिंग करते हुए दिखेंगे। इसे महागौरी पुत्र गणेश उत्सव समिति द्वारा बनवाया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष हिमेश घोरे ने बताया कि यह मूर्ति 10 फीट की है। इसमें रिद्धि कुर्सी में बैठ हुई हैं और भगवान गणेश रिद्धि की पेंटिंग कर रहे हैं। वहीं सिद्धि मिठाई की थाल लेकर बगल से झांक रही है। विघ्न विनाशक का यह अनुपम रूप सभी को लुभाएगा।





### मिट्टी की मूर्ति बनी पसंदीदा

गणेश उत्सव मनाने वाले कुछ लोगों द्वारा मूर्तिकार से मूर्ति बनवाई जा रही है तो कुछ लोग बाजार से रेडिमेड मूर्ति खरीदने की मानसिकता में है। एंथोनी गणेश शॉप तारबाहर के संचालक ने बताया कि अब मिट्टी की मूर्ति हर किसी की पसंदीदा बन गई है। इसे देखते हुए नागपुर, महाराष्ट्र, इंदौर, आगरा, कोलकाता से शुद्ध मिट्टी की मूर्ति मंगवाई गई है। जिसे लोग पसंद भी कर रहे हैं।

### सुमुख गणेश मंदिर में होगा 5 दिनी उत्सव

रेल्वे कंस्ट्रक्शन कॉलोनी के श्री सुमुख गणेश मंदिर में 5 दिवसीय गणेश चतुर्थी पूजा उत्सव का आयोजन रखा गया है। 27 से 31 अगस्त तक गणेशजी का गणपति हवन, अभिषेकम, सहस्र नाम अर्चना, रूद्राभिषेकम का विशेष पूजा का कार्यक्रम है। पहले दिन बुधवार 27 अगस्त को गणपति हवन, अभिषेकम्, सहस्रनाम अर्चना, महादीप आराधना, प्रातः भक्त जन दर्शन एवं प्रसाद का वितरण किया जाएगा। शाम को भी अभिषेकम, सहस्रनाम अर्चना व महादीप आराधना का कार्यक्रम है। अन्य दिन भी पूजा, हवन का क्रम चलेगा। 31 अगस्त को शाम को श्री सुमुख गणेश अपने मूषक वाहन में सवार होकर भक्तों को दर्शन देने हेतु निकलेंगे। रथयात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर तारबाहर, महेश स्वीट्स तक जाकर वापस अपने मंदिर की ओर आएगी। रथयात्रा बाजे गाजे सहित आतिशबाजी के साथ होगी। आयोजन को सफल बनाने मंदिर प्रबंधन समिति व सेवादार उत्साह से अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### विराजेंगे वनवासी रूप में

कंट्रक्शन कालोनी तारबाहर में भगवान गणेश वनवासी रूप में दिखेंगे। इसमें राम-सीता के वन गमन को दर्शाया गया है। माता सीता भगवान राम को जंगल में हिरण जाने की बात कह रही हैं और मर्यादा पुरूषोत्तम राम बाण चलाते हुए दिख रहे हैं। चकरभाटा में बन रही सात फीट की मूर्ति में सिद्धि विनायक माता पार्वती के पैर मोर लगाते हुए दिखेंगे।

### कार्टून पैटर्न वाली प्रतिमा

सरकंडा में कार्टून पैटर्न वाली प्रतिमा बैठाई जाएगी। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस प्रतिमा की हाईट 10 फीट है। इसमें भगवान गणेश बाल रूप में दिखेंगे। वहीं माता पार्वती सिद्धि विनायक का बाल बना रही हैं। यह दृश्य दर्शनार्थियों को खूब पसंद आएगा।

कार्यक्रम

## आनंद निकेतन में चित्र प्रदर्शनी बच्चों ने दी नृत्य की प्रस्तुति



**बिलासपुर।** आनंद निकेतन आवासीय विद्यालय में जन्माष्टमी पर बच्चों द्वारा बनाई गई चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। संगीत की धुन पर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। अध्यक्ष वीना अग्रवाल ने बच्चों को शुभकामना संदेश देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य शोभना शुक्ला ने स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धि की जानकारी दी। मुख्य अतिथि उत्कर्ष क्लब की अध्यक्ष डॉ शकुंतला जितपुरे ने सतत सहयोग की बात कही। रईसा बानो ने भी चादरों का वितरण किया। विशिष्ट अतिथि नथमल शर्मा ने बच्चों को अध्ययन हेतु टेबल भेंट किया। सचिव डॉ सत्यभामा अवस्थी ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अरुण अग्रवाल, किशन बुधिया, सिया अग्रवाल, सुनील, सुधा मारदा सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

# मलखंब, दही हांडी फोड़ स्पर्धा में महिलाओं ने दिखाया दमखम





**बिलासपुर।** श्री हनुमान सेवा समिति द्वारा सोमवार को कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में रामसेतु चौक सरकण्डा में मलखंब दही हांडी मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें युवाओं के साथ ही महिलाओं ने भी भाग लिया एवं दमखम दिखाया। आयोजन का यह शानदार तृतीय वर्ष रहा।

समिति के सदस्यों ने बताया कि सोमवार को आयोजित इस कार्यक्रम से पहले श्री हनुमान चालीसा महापाठ कर महाआरती की गई। फिर रात्रि में मलखंभ दही हांडी प्रतियोगिता रखी गई। इसमें युवाओं व महिलाओं ने भाग लिया एवं विशेष ड्रेस कोड में मटकी फोड़ने का प्रयास किया। महिलाओं द्वारा आंख में काली पट्टी बांधकर मटकी फोड़ने पर 3 नगद पुरस्कार राशि दी गई। पुरूष वर्ग हेतु ईनामी राशि का 1 नगद पुरस्कार रखा गया था। पुरूषों को ग्रीस लगे हुए मलखंब में चढ़कर मटकी फोड़ना था। वहीं दर्शकों के लिए प्रत्येक 25 मिनट में होने वाले सामान्य ज्ञान कार्यक्रम के तहत सही जवाब देने वाले 15 विजेताओं को उपहार प्रदान किया गया। कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क रहा। मलखंभ दही हांडी स्पर्धा के विजेताओं को पुरस्कार स्व. शहनवाज खान, स्व. गुरुवचन लाल माखीजा एवं स्व. अनिल सिंह ठाकुर की स्मृति में प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सदस्यों एवं दानदाताओं का सहयोग रहा।

### लोगों का लगा रहा तांता

इस आयोजन को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहा। इसे देखने लोगों की भारी भीड़ रही। प्रतिभागी टीम डीजे की धुन के बीच मटकी फोड़ने का प्रयास करते रहे। दर्शकों की ओर से ताली बजा कर उनका उत्साहवर्धन किया जाता रहा। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

आयोजन

## कृष्ण कुंज में भजनोत्सव की धूम 15 गांव की 40 मंडली हुई शामिल



**बिलासपुर।** महामाया नगर बिरकोना रोड स्थित श्री कृष्ण कुंज में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर भजनोत्सव का आयोजन किया गया। शाम 4 बजे से आरंभ भजन कार्यक्रम सुबह 4 बजे तक चला। इस उत्सव में शहर सहित 15 गांव के लगभग 40 भजन मंडली शामिल हुए। जिनके द्वारा भजन-श्री बांके बिहारी लाल तेरी जय हो.., कृष्णा कृष्णा राधे कृष्णा.., जन्मे है कृष्ण कन्हैया..., नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की.. आदि सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। उभरते कलाकार युवराज सिंह की बंदिश की प्रस्तुति ने उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन गायक दिलावर सिंह, घुटकू के भजन गायक कैलाश लूनिया के भजन ने समा बांधा। अन्य सभी भजन मंडली के गायकों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक भजन प्रस्तुत किया।



## शिवतराई वन्य क्षेत्र में मानसून ट्रैक, व्यंजनों का उठाया लुत्फ

**बिलासपुर।** जंगल मितान ने प्रकृति के इस सौंदर्य को करीब से आत्मसात करने एवं फार्मर प्राईड ने पौष्टिक और स्वादिष्ट जैविक खान पान का अवसर उपलब्ध कराने संयुक्त तत्वावधान में शिवतराई वन्य क्षेत्र में मानसून ट्रैक का आयोजन किया गया। जंगल ट्रैकिंग का शुभारंभ प्रातः 9 बजे जंगल मितान परिसर शिवतराई में अपर संचालक तारकेश्वर देवांगन द्वारा जंगल मितान का ध्वज दिखा कर किया गया। लगभग 40 सदस्यों ने लगभग 12 किलोमीटर की जंगल ट्रैकिंग की इस मौके पर विवेक जोगलेकर,जंगल मितान के अध्यक्ष अखिलेश चंद्र प्रदीप बाजपेयी, फार्मर प्राईड के संयोजक संदीप शर्मा ने प्रतिभागियों को वन्य जीवों सहित प्रकृति से जुड़ी अनेक जानकारी दी। प्रतिभागियों का दल जब ट्रैकिंग पूरा कर वापस शिवतराई स्थित जंगल मितान परिसर पहुंचा तो जस्टिस चंद्र भूषण बाजपेयी एवं डॉ नीलाम्बरी दवे सहित अन्य लोगों ने समस्त प्रतिभागियों के उनका स्वागत किया। मानसून ट्रैक आयोजन के समापन समारोह के अतिथि जस्टिस चंद्र भूषण बाजपेयी एवं डॉ नीलाम्बरी दवे ने सभी को अपनी शुभकामनाएं दीं। सभी ने स्वादिष्ट एवं अत्यंत स्वास्थ्य वर्धक जैविक थाली का आस्वादन लिया,जिसमे कोदो का दही चावल, कूटकी की गुड़ वाली खीर, पंच दाल,अंकुरित सलाद, ब्राउन राइस, मिक्स वेज इत्यादि व्यंजनों का आनंद प्राप्त किया। उक्त आयोजन को सफ़ल बनाने मुख्य रूप से श्रद्धा यमकार,अमित शर्मा,डॉ चंद्र नाथ बाजपेयी, शुभदा जोगलेकर, माया राजपूत, कृष्णा वैष्णव, सुमन मरावी सहित अन्य जंगल मितान के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

प्रवास

## बाल श्रमिक, बाल विवाह और नशे से मुक्त हो समाज



**बिलासपुर।** बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ वर्णिका शर्मा अपने एक दिवसीय प्रवास पर पहुंची जहां पर उन्होंने समाजसेवी चंचल सलूजा परिवार के निज निवास पहुंचकर मुलाकात की जहां रोटरी क्लब के पूर्व सचिव समाजसेवी चंचल सलूजा ने सभी सदस्यों का परिचय बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष से कराया। बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा ने कहा कि हमारे आसपास जितने भी बाल श्रमिक हैं या बाल विवाह होते हैं या बच्चे जो नशे की गिरफ्त में है। उन सब पर कार्य करके हमें अपने आसपास के वातावरण को सुधारना है। इस अवसर पर शांता गेमनानी,सृष्टि सिंह,सरिता शर्मा,मीना विश्वकर्मा,अनीता तिवारी,नेहा आहुजा,नीरज गेमनानी,डॉ संतोष गेमनानी, प्रकाश पंजवानी, राजा गंगवानी,जय प्रकाश तिवारी,मेघा माखीजा उपस्थित रहे।

# एकलव्य विद्यालयों की राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आज से होगा आगाज

एकलव्य आवासीय विद्यालयों की राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता बिलासपुर में 19 एवं 20 अगस्त को होगी। उप मुख्यमंत्री अरूण साव मंगलवार को शाम 6 बजे स्थानीय बहतराई स्टेडियम में प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। प्रतियोगिता में राज्य भर के एकलव्य आवासीय विद्यालयों के लगभग 2 हजार खिलाड़ी एवं कोच शामिल हो रहे है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में इस अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, अटल श्रीवास्तव, दिलीप लहरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी तथा महापौर पूजा विधानी मौजूद रहेंगी। प्रतियोगिता का आयोजन आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है। खिलाड़ियों का आगमन शुरू हो गया है। उन्हें शहर की विभिन्न छात्रावासों एवं आश्रमों में ठहराया गया है। शहर की विभिन्न क्रीड़ा परिसरों एवं खेल मैदानां में प्रतियोगिता आयोजित होगी। एकल एवं सामूहिक दोनों प्रकार के 20 खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ी हिस्सा लेकर जौहर दिखाएंगे।



स्पोर्ट्स न्यूज

## वर्ल्ड एथलेटिक्स में संकीर्तन थोटा ने बनाई जगह

वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर ब्रांच भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में आयोजित की गई,जिसमें छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स को बड़ी उपलब्धि मिली है, इसमें छत्तीसगढ़ की बेटी संकीर्तन थोटा दुर्ग जिले की रहने वाली है। इन्होंने 800 मीटर में 2 मिनट 96 सेकंड का समय निकालकर थर्ड प्लेस प्राप्त कर भारत की ओर से खेलते हुए बेहतरीन प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ को को गौरवान्वित किया है। थोता संकीर्तना का यह थर्ड पदक छत्तीसगढ़ के खेल जगत के लिए गर्व का विषय है। इससे पहले भी वे राष्ट्रीय स्तर पर कई मेडल जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित कर चुकी हैं।



वर्तमान में थोता संकीर्तना अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर नेशनल कैंप बेंगलुरु में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उनके इस शानदार प्रदर्शन से न केवल युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी, बल्कि प्रदेश के खेल विकास को भी नई दिशा मिलेगी। आने वाले समय में वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी छत्तीसगढ़ और देश का नाम रोशन करेंगी। इस अवसर पर अध्यक्ष छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ महेंद्र आहूजा, जसविन्दर सिंह भाटिया, सुरेश क्रिस्टोफर, पी जी कृष्णनन, सुशील मिश्रा, ए. एक्का, विजय केसरवानी, जगपाल सिंह धैलीवाल, सौरभ लूनिया आदि ने शुभकामनाएं दी।

## एथलेटिक्स में शामिल होने टीम रवाना

64वीं राष्ट्रीय इंटर स्टेट वरिष्ठ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ की टीम चेन्नई रवाना हुई। यह प्रतियोगिता 20 से 24 अगस्त तक आयोजित की जा रही है,इसमें छत्तीसगढ़ के तीन खिलाड़ी और एक अधिकारी भाग ले रहे हैं। इनमें महिला खिलाड़ी थोटा संकीर्तना 800 मी और 1500 मीटर दौड़ में भाग लेंगे जो दुर्ग जिले से आती है। पुकेश्वर लाल



3000 मी स्टेपलचेज में भाग लेंगे राजनांदगांव से प्रतिनिधित्व करते हैं और शेखर तोमर 200 मीटर में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। इनके ऑफिशल के श्रीनू होंगे पूरी यह जानकारी छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ के संयुक्त सचिव एवं प्रवक्ता हेमंत सिंह परिहार ने दी ।

## खबर संक्षेप

### प्राचार्य टी-संवर्ग का पदोन्नति आदेश जारी

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्राचार्य टी-संवर्ग के पदोन्नति आदेश जारी कर दिए गए हैं। इन पदोन्नत प्राचार्यों के पदांकन हेतु ओपन काउंसिलिंग का आयोजन 20 से 23 अगस्त तक शासकीय शिक्षा महाविद्यालय परिसर, शंकर नगर रायपुर में किया जाएगा। इस काउंसिलिंग में कुल 845 नव पदोन्नत प्राचार्य शामिल होंगे। काउंसिलिंग का समय प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से निर्धारित है। प्रत्येक दिन प्रथम पाली में 150 और द्वितीय पाली में 150 इस प्रकार प्रत्येक दिन कुल 300 अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग में शामिल किया जाएगा। काउंसिलिंग की तिथि एवं समय की जानकारी पदोन्नत प्राचार्यों की सूची तथा रिक्त पदों की सूची स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। काउंसिलिंग प्रक्रिया में प्राथमिकता का निर्धारण वरिष्ठता और नियमावली के अनुसार किया जाएगा। काउंसिलिंग में अनुपस्थित रहने वाले प्राचार्यों को अंतिम दिन 23 अगस्त को अवसर दिया जाएगा। काउंसिलिंग पूर्ण होने के बाद पदस्थापना आदेश शासन द्वारा जारी किए जाएंगे तथा आदेश जारी होने के 7 दिवस के भीतर नवीन पदस्थापना स्थल पर पदग्रहण करना अनिवार्य होगा।

### किसान की बाड़ी में मिला नवजात



**मुंगेली।** मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम सिंगबांधा में किसान की बाड़ी में नवजात शिशु पाया गया। सूचना मिलते ही जिला बाल संरक्षण अधिकारी, पुलिस विभाग तथा चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर नवजात को सुरक्षित संरक्षण में लिया गया। नवजात शिशु का स्वास्थ्य परीक्षण जिला चिकित्सालय में कराया गया, जहां उसे पूर्णतः स्वस्थ पाया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि बालक कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर समिति के निर्णय अनुसार नवजात को विशेष दत्तक गृह अधिकारिणी में सुरक्षित रूप से रखा गया है।

## निधन

### सुन्दरलाल अग्रहरि

**करगीरोड कोटा।** सुन्दरलाल अग्रहरि



77 वर्ष का शनिवार रात को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 अगस्त को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. हीरालाल अग्रहरि, मोतीलाल अग्रहरि, स्व. नारायणलाल अग्रहरि, कन्हैयालाल अग्रहरि के भाई, सुनील अग्रहरि, अनिल अग्रहरि के पिता थे।

### गौरव कुमार

**सीपत।** सीपत निवासी गौरव कुमार



(पप्पू) का 22 वर्ष की आयु में 18 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 अगस्त को सुबह 9 बजे गृहग्राम सीपत में किया जाएगा। वे मनहरन लाल केशर एवं गीता देवी केशर के पुत्र थे।

### पेसुमल भोजवानी

**बिलासपुर।** संतोषी मंदिर के पास



रहने वाले पेसुमल भोजवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 18 अगस्त को तोरवा शमशान घाट में किया गया। वे हरीश कुमार, नारायण दास, किशनचंद, ओमप्रकाश व सुदामा भोजवानी के भाई थे।

### रंजू चौहान

**बिलासपुर।** जबड़ापारा सरकंडा



निवासी रंजू चौहान का 18 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दिनांक 19 अगस्त, मंगलवार को सुबह 11.30 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अरुण कुमार चौहान की पत्नी, आरजू चौहान एवं ओम चौहान की माता थीं।

### बिलासपुर एयरपोर्ट को लेकर केंद्रीय मंत्रियों से मिले तोखन व धर्मजीत

# हवाई सेवा के माध्यम से महानगरों से जुड़े बिलासपुर, क्षेत्र का होगा विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री एवं बिलासपुर सांसद तोखन साहू तथा तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने दिल्ली प्रवास के दौरान विभिन्न केन्द्रीय मंत्रियों एवं वरिष्ठ नेताओं से भेंट कर क्षेत्रीय विकास, बुनियादी ढाँचे और युवाओं के हितों से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया। श्री साहू एवं श्री सिंह ने केंद्रीय उड्डयन मंत्री से हवाई सुविधा की मांग रखी, जिसपर केंद्रीय उड्डयन मंत्री ने हर संभव प्रयास का आश्वासन दिया।

दिल्ली में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने संयुक्त रूप से केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से मुलाकात की और उनसे बिलासपुर हवाई सेवा में जन सुविधाओं से जुड़ी बहुत सारी जरुरतों और आवश्यकताओं का ध्यान आकृष्ट करते हुए मांग की फेहरिस्त रखी। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं विधायक धर्मजीत सिंह ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से आग्रह किया कि बिलासपुर क्षेत्र काफी विस्तार और फैला हुआ है यहां से आसपास लगभग आधा छत्तीसगढ़ हवाई सेवा से लाभान्वित होगा। उसके मुकाबले में यहां हवाई सेवा के नाम पर लगभग एक बड़ी रिक्तता बनी हुई है। बिलासपुर हवाई सेवा में 4 सी की सुविधा बहुत ज्यादा जरूरी है। इसी के साथ बड़े वायुयान के लिए यहां रनवे के लिए ज्यादा भूमि की आवश्यकता है इसके लिए सेना की जमीन हवाई सेवा के लिए दिलाई जाए। बिलासपुर शहर को हवाई सेवा में बड़े-बड़े महानगरों से जोड़ा जाए ताकि क्षेत्र का विकास बड़े और जन सुविधा को लाभ मिले। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं धर्मजीत सिंह विधायक ने कहा कि बिलासपुर क्षेत्र में हवाई सेवा की मांग को लेकर लोगों में निराशा और निरुत्साह का वातावरण बनता जा रहा है जिसे रोकने के लिए बहुत ही आवश्यक है कि हवाई सेवा के नाम पर बिलासपुर की सुविधाएं बढ़ाई जाए। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने केंद्रीय मंत्री तोखन साहू एवं विधायक धर्मजीत सिंह को आश्वस्त किया है कि वह हर संभव प्रयास के साथ बिलासपुर को हवाई सेवा में सुविधा देने का प्रयास करेंगे।

#### श्रम, रोजगार तथा खेल एवं युवा मंत्री से चर्चा

श्री साहू ने श्रम एवं रोजगार तथा खेल एवं युवा मंत्री मनसुख मांडविया से भेंट कर युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों और खेल सुविधाओं को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान मध्यप्रदेश की नगरीय प्रशासन राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने दिल्ली स्थित शासकीय आवास पर श्री साहू से सौजन्य भेंट की।

## करंट की चपेट में आने से 15 वर्षीय युवक की मौत

**पथरिया।** 11 केवी बिजली लाइन की चपेट में आने से एक 15 वर्षीय बालक की मौत हो गई। जिसकी सूचना परिजनों ने थाना में दी। पुलिस के अनुसार सोमवार को ग्राम डाकाचाका में वर्मा परिवार के यहां छट्टी कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। घर के सजावट के लिए छत के ऊपर टेंट लगाने का कार्य किया जा रहा था। सुबह लगभग 9:30 बजे टेंट लगाते समय घर के 15 वर्षीय बालक प्रभात वर्मा पिता रामगोपाल वर्मा के हाथ में पकड़े लोहे का पाइप छत के ऊपर से गुजरे 11 केवी हाई टेंसन तार के सम्पर्क में आ गया। जिससे बिजली के झटके से युवक छत से नीचे जा गिरा। परिजनों ने बालक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन डाक्टरों ने जांच कर बच्चे को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की जांच कर शव को पीएम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मामले में मर्ग क़ायम कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



## कबड्डी में बालिका टीम ने हासिल किया स्वर्ण पदक




कबड्डी की स्वर्ण पदक विजेता टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

सेंट जेवियर्स हाईस्कूल मुंगेली की बालक-बालिका की कबड्डी टीम ने भाग लिया एवं अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बालिकाओं की टीम ने फाइनल मैच में स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। वहीं बालकों की टीम को कांस्य पदक प्राप्त करने में सफलता मिली।

सीबीएससी दिल्ली द्वारा क्लस्टर 2 कबड्डी चौंपियनशिप 2025 का आयोजन गुरु तेग बहादुर शाला, दुर्गापुर पश्चिम बंगाल में किया गया। उक्त प्रतियोगिता में 3 राज्यों की टीम ने भाग लिया था जिसमें सेंट जेवियर्स हाई स्कूल मुंगेली की टीम ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण एवं कांस्य पदक पर कब्जा किया और अपने शाला, अभिभावक व मुंगेली नगर का नाम रौशन किया। उक्त प्रतियोगिता के लिए शाला के व्यायाम शिक्षक संतराम यादव के प्रयास एवं मेहनत से छात्रों को सफलता मिली। टीम के प्रबंधक शाला के शिक्षक स्वप्निल चुनेकर एवं गरीमा सिंह थे।

## बेशकीमती कोटवारी जमीन पर कब्जा, आठ को नोटिस



**लोरमी।** नगर के मुंगेली रोड वार्ड 13 स्थित बेशकीमती कोटवारी भूमि पर रसूखदारों की नजर लग गई। कुछ लोगों द्वारा जमीन पर अवैध मकान बनाने का मामला प्रकाश में आया है। तहसीलदार के निर्देश पर पटवारी ने उक्त भूमि के आस पड़ोस के रहवासियों को नोटिस जारी कर अपनी जमीन के वास्तविक कागजात प्रस्तुत करने 8 लोगों को नोटिस जारी किया है। इसको लेकर नगर में हड़कंप मच गया है।

नगर के वार्ड क्रमांक 13 मुंगेली रोड स्थित बेशकीमती जमीन खसरा नम्बर 455 कोटवारी सेवा भूमि में दर्ज है। लगभग एक एकड़ 57 डिसमिल जमीन है। वर्तमान कुछ हिस्सों में पानी भरा है। सड़क के पीछे जमीन होने के वजह से लोग धीरे धीरे जमीन को चपलते जा रहे हैं। नगर के पॉश एरिया होने के कारण भूमाफिया की पैनी नजर बनी हुई है। लोग बेजा कब्जा कर मकान निर्माण कराया जा रहा है, जिसकी शिकायत पूर्व फौजी क्रांति लाल कुलमित्र ने किया था। जिस पर कोई कार्रवाई नहीं किया गया। मामला अब सामने आने से प्रशासन जांच में जुट गया है। सोमवार को जमीन के पास एक दीवार को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद शिकायत तहसील कार्यालय एवं थाने तक पहुंच गई। तहसीलदार शेखर पटेल ने मामले को संज्ञान में लिया जिसके बाद विभाग के अधिकारी कर्मचारी हरकत में आए। पटवारी योगेश बैस ने उक्त जमीन को लेकर आठ लोगों को नोटिस जारी कर मंगलवार को अपने जमीनों मूल दस्तावेज के साथ तलब किया है।

#### जांच के बाद कार्रवाई

कोटवारी जमीन पर अवैध कब्जे का मामला संज्ञान में आया है। पटवारी ने आठ लोगों को नोटिस जारी किया है। जांच के बाद जल्द की कार्रवाई की जाएगी।

**-शेखर पटेल,** तहसीलदार

## नदी में रेत निकालने गए युवक की डूबने से मौत



**तखतपुर।** नदी में रेत निकालने गए युवक की पानी में डूबने से मृत्यु हो गई पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार मनियारी नदी पर जनकपुर निवासी विजय टण्डन रेत निकालने के लिए गया हुआ था और वह शराब के नशे में भी था रेत निकालते निकालते वह पानी की अंदर चला गया और उसकी डूबने से मृत्यु हो गई। परिजनों ने आसपास की लोगों के मदद से शव को बाहर निकाला और पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया है।

## किसानों ने जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन



**लोरमी।** खपरीकला के किसानों ने क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंपकर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा खुलवाने की मांग की है।

किसानों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि विकासखंड के अंतर्गत ग्राम खपरीकला क्षेत्र के कृषकों को धान बिक्री के रकम आहरण करने के लिए 15 किलोमीटर लंबी दूरी तय कर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से ऋण कर्ज लेने और धान बिक्री की पैसा लेने जाना पड़ता है, जिससे हम सभी किसानों को पैसा लेकर आने में डर (भय) बना रहता है जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा खुलवाने को लेकर विगत कई वर्षों से निरंतर संघर्षरत हैं।आज के दौर में वर्तमान में 15 से 20 किलोमीटर लंबी दूरी तय कर साल भर की मेहनत की कमाई देय राशी लाने में कठनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में ग्राम खपरीकला, डुमरहा, सहसपुर, परदेशिकपा, चिल्फी, लगरा, बघमार, कुकुरहट्टा, भांठा, रैत्रा, सलहेघोरी, कोसमतरा, गोलहपरा, घठोली, खपरी, सेनगुड, खैरवार, रंगियापारा, दाऊकापा, नाथेलापारा, चकला, रसपालपुर, अमलीडीह, गंतापार, कंहरपुर के कृषक शामिल हैं।

## तलवार लेकर घरवालों को डरा रहा युवक गिरफ्तार



**बेलतरा।** ग्राम अकलतरी में तलवार लेकर परिवार वालों को डराने धमकाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस के अनुसार 17 अगस्त को डायल 112 के जरिये रतनपुर थाना में सूचना मिली कि बेलतरा क्षेत्र ग्राम अकलतरी में एक व्यक्ति शराब के नशे में अपने घर के लोगों को धारदार तलवार, गंडाशा व तब्बल लेकर डरा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी नरेश कुमार चौहान ने टीम को ग्राम अकलतरी रवाना किया। वहां घेराबंदी कर आरोपी गणेश राम धीवर उम्र 42 वर्ष को पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से एक धारदार तलवार, गंडाशा व तब्बल जब्त कर उक्त आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## पंचवटी वाटिका में रोपे गए विविध किस्म के पौधे

**बिल्हा।** शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय में पंचवटी वाटिका का रोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. सावित्री त्रिपाठी ने पौधरोपण कर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



यह विशेष वाटिका राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में तैयार की गई, जिसका संचालन कार्यक्रम अधिकारी खगेश कुमार द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ. सावित्री त्रिपाठी ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन ही नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर भी हैं। इस अवसर पर प्राध्यापक, एनएसएस के स्वयंसेवक छात्र-छात्राएं तथा स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने पौधों की देखभाल व पर्यावरण को स्वच्छ रखने एवं हरित बनाने की शपथ ली।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा (1) मनजीत कौर मक्कड़ पति स्व. महेन्द्र सिंह मक्कड़ (2) जगदीप सिंह मक्कड़ पिता स्व. महेन्द्र सिंह मक्कड़, (3) हरमीत सिंह मक्कड़ पिता स्व. महेन्द्र सिंह मक्कड़ तीनो निवासी हाउस नम्बर 35/120 जगमल चौक मेनरोड तोरवा बिलासपुर से इनके नाम पर मौजा तोरवा प.ह.नं. 36 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर नगर निगम सीमा वार्ड नंबर 37 महाराणा प्रताप नगर वार्ड स्थित भूमि खसरा नंबर 7/35 रकबा 0.0200 हे. (2295 वर्गफीट) भूमि जो जगमल चौक से तोरवा जाने वाले मेनरोड में स्थित है जिसे खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

भवदीय- सिद्धार्थ शुक्ला पिता श्री लक्ष्मीकांत शुक्ला, निवासी हाउस नंबर 113, जगमल चौक मेनरोड तोरवा, बिलासपुर मो. 7723012022, 9165036000

मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण के प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र

(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)

पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय बिलासपुर रेफरी संख्या 613/RTO/25 दिनांक 04/08/2025

श्री रमाकांत वर्मा (रजिस्टर्ड)। है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि हिन्दुजा लिलैण्ड फाइनेंस लिमिटेड (Financio) है / ने सूचित किया है कि उसने / उन्होंने मोटर वाहन आप पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है संख्या सीजी 10 बी.एम. 8355 एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद / पट्टे / उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफॉल्ट के कारण हाइपोथेकेशन, और:

1. आपने उसे / उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है।, 2. आप फरार हो गए हैं।

उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है उसके / अपने नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिसमें धारा 2(3) के तहत मोटर वाहन का स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आपत्तिजनक पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना धारा 51 (5) के साथ।

तारीख.....

Registered Authorty Bilaspur(C.G)

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार से अधिकृत होकर यह आम सूचना प्रकाशित कराता हूं कि मेरे पक्षकार श्री अनिल साहू पिता भरतलाल उम्र 44 वर्ष जाति तेली निवासी ग्राम किरना थाना व तहसील सरगांव जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा श्री रामू सोनवानी पिता संतराम उम्र 41 वर्ष जाति सतनामी निवासी ग्राम किरना थाना व तहसील सरगांव जिला मुंगेली (छ.ग.) के स्वामित्व व कब्जे की भूमि जो कि मौजा ग्राम पेंड्री स प.ह.न. 31 रा.नि.म. सिलदहा, तहसील पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि खसरा न. 841/1 रकबा 0.9590 हेक्टेयर कृषि भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा किया गया है तथा दोनो पक्षो के मध्य ईकरारनामा निष्पादित हुआ है तथा जिसकी रजिस्ट्री निकट भविष्य में होनी हैं।

उक्त सौदे से किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था या कोई वितिय संस्था को कोई आपति हो तो उक्त आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करावे उक्त समयावधि के पश्चात की जाने वाली आपत्ति अमान्य होगी। अतः सूचना जानें।

भवदीय
रोहित कुमार अधिवक्ता
पता तहसील कार्यालय पथरिया
जिला मुंगेली (छ.ग.)
मो. 9754471588

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. ..../ब-121/2024-25
ग्राम पदमपुर प.ह.नं. 14

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम पदमपुर वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संजीव कुमार जायसवाल पिता कन्हैया जाति कलार निवासी ग्राम पदमपुर तहसील जरहागांव जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने बडी मां चन्द्र कुमारी जायसवाल के मृत्यु दिनांक 6.7.2008 को ग्राम पंचायत पदमपुर मे दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 25.8.2025 को प्रातः 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जरहागांव

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रूपेश तिवारी उम्र 37 साल पिता श्री उमेश तिवारी, निवासी यदुनंदन नगर तिफरा बिलासपुर छ.ग. के द्वारा भूमि स्वामी श्रद्धा गुप्ता पति श्री प्रशांत गुप्ता निवासी पंडरिया रोड तखतपुर तह. तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के स्वामित्व की भूमि मौजा ग्राम मंगला प.ह.नं. 21/25 रा.नि.मं. व तहसील बिलासपुर में दिनदयाल अंतर्गत हाऊसिंग बोर्ड कालोनी पर कुशा भाऊ ठाकरे आवास योजना में निर्मित डुप्लेक्स आवासी मकान क्रमांक एम.आई.जी. 340 वर्गफुट 900 वर्गफुट को क्रय करने का सौदा किया है। जिसकी शीघ्र अतिशीघ्र रजिस्ट्री होना है। उक्त खरीदी बिक्री पर जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित हो आपत्ति दर्ज करे। बाद आपत्ति शून्य होगी।
सो सूचना जाने।
बिलासपुर, दिनांक 18.08.2025

भवदीय
अजय कुमार सोनी
अधिवक्ता
जिला न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9399348618

**न्यायालय अति. तहसीलदार बिलासपुर**

मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ:- जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00025 खमतराई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202425400106300406

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00025 के अंतर्गत ग्राम खमतराई के वर्तमान भूमिस्वामी कृष्ण कुमार राठौर पिता/पति-रुपनारायण राठौर पता-सारांगाव के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 834/76(0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता नरेन्द्र पाली पिता/पति-ओमकार पाली पता-निवासी मुरुम खदान ग्राम खमतराई तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29/08/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अति. तहसीलदार बिलासपुर पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/08/2025 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार: AKSH GUPTA
बिलासपुर

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार श्री जगनाथ सूर्यवंशी पिता परदेशी सूर्यवंशी निवासी ग्राम खमतराई तह. व जिला बिलासपुर की ओर से नियुक्त एवं अधिकृत होकर यह आम सूचना प्रकाशित करती हूं कि मेरे पक्षकार ने कमला बाई पति माधो के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो ग्राम कौड़िया प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. सीपत तह. सीपत जिला बिलासपुर में भूमि ख.नं. 767/4 रकबा 0.4050 हे., ख.नं. 765 रकबा .4900 हे., ख.नं.768/3 रकबा 1.1970 हे. कुल रकबा 2.0920 हे. अवस्थित है, को खरीदने का पक्का सौदा किया है जिसका रजिस्ट्री शीघ्र ही होना है। अतएव किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में आकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी।
सो सूचना जाने।
बिलासपुर, दिनांक 18.08.2025

भवदीया
श्रीमती रंजना सिंह अधिवक्ता
नया सरकंडा, बंगाली पारा
गली नं. 3 बिलासपुर
मो. 7389258493
7747945336

**न्यायालय तहसीलदार पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202507250900018/
अ-27/2024-25
ग्राम-सोढ़ी म., प.ह.नं. 26

// दैनिक समाचार-पत्र के माध्यम से नोटिस //

प्रति, 1. कंचन पति मन्नू 2. टेकराम पिता मन्नू 3. भागचंद पिता मन्नू 4. कौशिल्या पिता मन्नू 5. पुष्पा पिता मन्नू 6. भागबाई पिता मन्नू 7. राजकुमारी पिता मन्नू 8. उबारन पिता मोहित 9. ललिता पिता मोहित 10. सरिता पिता मोहित सभी जाति सतनामी, निवासी ग्राम सोढ़ी म., तहसील पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.).... अनावेदकगण / अनावेदिकागण

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक मनीराम पिता स्व. हेतराम, जाति सतनामी, निवासी ग्राम सोढ़ी म. तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा ग्राम सोढ़ी म. प.ह.नं. 26, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नम्बर 454/2, 467/2, 469 रकबा क्रमशः 0.085, 0.129, 0.102 हेक्टेयर भूमि शामिल खाता में आवेदक एवं अनावेदकगण के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि संयुक्त परिवार की संपति है, जिसे उभयपक्षकार के द्वारा पारिवारिक व्यवस्था के अनुसार आवेदक एवं अनावेदकगण के मध्य आपसी सहमति से मौखिक बंटवारा कर अपने-अपने हिस्से की भूमि में कृषि काश्तकारी कर कब्जे में चले आ रहे है। उक्त आवेदित भूमि का पूर्व मौखिक बंटवारा व कब्जा के अनुसार उभयपक्षकार के मध्य खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई दिनांक 25/08/2025 को नियत है। अतः इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रातः 11 बजे उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 08/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

तहसीलदार
पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202506250900014/
अ-6/2024-25
ग्राम-सिलतरा, प.ह.नं. 19

// दैनिक समाचार-पत्र के माध्यम से नोटिस //

प्रति, 1. रामकृष्ण वर्मा पिता पुरूषोत्तम निवासी ग्राम जोता, तहसील पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) 2. अश्वनी वर्मा पति हीरालाल निवासी ग्राम रमतला, पो. बावली, तहसील सरगांव, जिला-मुंगेली (छ.ग.) 3. ईश्वरी वर्मा पति हलधर वर्मा निवासी ग्राम पेण्ड्री, पो. कापा थाना एवं तहसील नवागढ़, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) 4. रामेश्वरी वर्मा पति शिवनारायण वर्मा निवासी सम्बलपुर, पो. सम्बलपुर, थाना व तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) 5. हिरबाई वर्मा पति पुरूषोत्तम निवासी ग्राम जोता, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)... अनावेदकगण / अनावेदिकागण

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण अन्नपूर्णा उर्फ खिलेश्वरी पिता रामकृष्ण वर्मा, वली माता योगेश्वरी पति रामकृष्ण वर्मा एवं अन्य 1, निवासी ग्राम जोता, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा ग्राम सिलतरा, प.ह.नं. 19, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नम्बर 1008/6 रकबा 0.688 हेक्टेयर भूमि के संबंध में व्यवहार वाद प्रस्तुत किया गया था, जिसमें मान. न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.) के व्यवहार वाद क्रमांक 1473अ/2024 में निर्णय दिनांक 17/03/2025 के द्वारा आवेदिकागण का नाम सहखातेदार के रूप में दर्ज किये जाने आदेश किया गया है। अतः उक्त आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेखों में आवेदिकागण का नाम सहखातेदार के रूप में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई दिनांक 25/08/2025 को नियत है। अतः इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रातः 11 बजे उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 11/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

तहसीलदार
पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202506250900013/
अ-6/2024-25
ग्राम-नहना, प.ह.नं. 20

// दैनिक समाचार-पत्र के माध्यम से नोटिस //

प्रति, 1. रामकृष्ण वर्मा पिता पुरूषोत्तम निवासी ग्राम जोता, तहसील पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) 2. अश्वनी वर्मा पति हीरालाल निवासी ग्राम रमतला, पो. बावली, तहसील सरगांव, जिला-मुंगेली (छ.ग.) 3. ईश्वरी वर्मा पति हलधर वर्मा निवासी ग्राम पेण्ड्री, पो. कापा थाना एवं तहसील नवागढ़, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) 4. रामेश्वरी वर्मा पति शिवनारायण वर्मा निवासी सम्बलपुर, पो. सम्बलपुर, थाना व तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) 5. हिरबाई वर्मा पति पुरूषोत्तम निवासी ग्राम जोता, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.).... अनावेदकगण / अनावेदिकागण

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण अन्नपूर्णा उर्फ खिलेश्वरी पिता रामकृष्ण वर्मा, वली माता योगेश्वरी पति रामकृष्ण वर्मा एवं अन्य 1, निवासी ग्राम जोता, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा ग्राम नहना, प.ह.नं. 20, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नम्बर 218/2, 218/5, 261 रकबा क्रमशः 1.750, 0.089, 0.073 हेक्टेयर भूमि के संबंध में व्यवहार वाद प्रस्तुत किया गया था, जिसमें मान. न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.) के व्यवहार वाद क्रमांक 1473अ/2024 में निर्णय दिनांक 17/03/2025 के द्वारा आवेदिकागण का नाम सहखातेदार के रूप में दर्ज किये जाने आदेश किया गया है। अतः उक्त आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेखों में आवेदिकागण का नाम सहखातेदार के रूप में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई दिनांक 25/08/2025 को नियत है। अतः इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रातः 11 बजे उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 11/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

तहसीलदार
पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

1. श्रीमती हीरा बाई पत्नि स्व. राजकुमार पैकरा उम्र 38 वर्ष 2.सुनैना पैकरा उम्र 05 वर्ष पिता स्व. राजकुमार पैकरा 3. एजसवी पैकरा उम्र 02 वर्ष पिता स्व. राजकुमार पैकरा दोनो ना.बा. जरिये वली माता श्रीमती हीरा बाई सभी निवासिनी ग्राम उमरिया दादर थाना व तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर छ.ग... आवेदिकागण

विरूद्ध

1. भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा मुख्य प्रबंधक भारतीय जीवन बीमा निगम पण्डरी रायपुर छ.ग. पिन-492004 2. भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा शाखा प्रबंधक प्रधान कार्यालय शाखा क्रमांक 02 मगरपारा बिलासपुर छ.ग. पिन-495001 3. आम जनता एवं निकाय जो इससे संबंधित हो ....अनावेदकगण

प्रोसेस क्रमांक-396/2025
विविध स.प्र.क्र.-01/2025
पेशी ता.-29/08/2025

**आम सूचना अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925**

आवेदिका श्रीमती हीरा बाई की ओर से एक आवेदन पत्र इस न्यायालय मे धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के तहत जीवन बीमा निगम शाखा कार्यालय क्रमांक 02 बिलासपुर से जारी मृतक राज कुमार पैकरा के नाम बीमा पॉलिसी क्रमांक 369097200 दिनांक 28/01/2022 राशि 1,20,000/- रू. समस्त ब्याज अभिलाभप्राप्ति हेतु उपरोक्तानुसार आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जिसमें न्यायालय द्वारा प्रकरण की सुनवाई तिथि दिनांक 29/08/2025 को नियत की गई है।

अतः इस आम सूचना के जरिये आम जनता एवं निकाय तथा संबंधित को सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन पश्चात न्यायालय मे निर्धारित पेशी दिनांक 29/08/2025 को अपने स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से ठीक 11:00 बजे न्यायालय मे उपस्थित होकर अपना प्रतिवाद प्रस्तुत करे उक्त पेशी तिथि मे अनुपस्थिति की स्थिति मे न्यायालय द्वारा संबंधित के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जाकर प्रकरण में विधि अनुरूप अग्रिम कार्यवाही की जा सकेगी यदि सुनवाई तिथि पर किसी कारणवश न्यायालय बंद होने की स्थिति में शासकीय अवकाश या अन्य अवकाश होने की स्थिति मे प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर की जा सकेगी। सो आम सूचना पेपर प्रकाशन के माध्यम से जानें।

(श्रीमती दीप्ति बरवा)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### शिक्षकों का विकासखंड स्तरीय पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**तखतपुर**। कक्षा छठवीं के नए पाठ्यक्रम पर आधारित विषय हिंदी एवं गणित के शिक्षकों का विकासखंड स्तरीय पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। स्त्रोत व्यक्ति पवन श्रीवास, चंद्रप्रकाश यादव, उपेंद्र सिंह, विवेक कुमार गुप्ता, लवकांत द्विवेदी एवं रमेश खरे ने डाइट पेंड्रा से प्राप्त समय सारिणी अनुसार सभी विषय वस्तुओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तृत रूप से चर्चा परिचर्चा एवं विभिन्न गतिविधियों कर शिक्षकों का उन्मुखीकरण किया। प्रशिक्षण के बारे में सीमा त्रिपाठी ने बताया कि शिक्षकों को पाठ्य पुस्तकों का पूर्ण क्षमताओं के साथ उपयोग करने एवं इसके विविध पक्षों के बारे में जानने में सहायक होगा। शिक्षक जब शिक्षण सामग्री शिक्षण विधियों और मूल्यांकन हेतु सुझाए गए परिवर्तन को समझ सकेंगे तभी वह छात्रों की समुचित भागीदारी सुनिश्चित कर पाठ वस्तु को बेहतर प्रस्तुत कर पाएंगे।

### सांस्कृतिक आयोजनों से सामने आती है बच्चों की प्रतिभा



**तखतपुर**। गुरुकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कृष्ण जन्माष्टमी पर विद्यालय की बहिनों हेतु डांडिया नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कक्षाओं की बहिनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय के डायरेक्टर अवधेश सिंह ठाकुर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। प्राचार्य अरविंद कुमार पाण्डेय ने इस अवसर को संबोधित करते हुए कहा कि मंच पर आने से मन का डर दूर होता है। डांडिया समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान द्वादश की बहिन दीपांजलि ध्रुव एवं साथी ने प्राप्त किया। द्वितीय दशम से बहिन नियति निर्मलकर एवं साथी तृतीय भूमि देवांगन एवं साथी ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया।

### गुरु बालकदास जयंती पर निकली शोभायात्रा



**तखतपुर**। गुरु बालकदास जयंती पर सतनामी समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा सतनाम भवन से प्रारंभ होकर पुराने बस स्टैंड से होती हुई मंडी चौक से वापस होकर पुनः सतनाम भवन में समापन हुई। नगर पालिका के सभापति सुनील जांगड़े ने कहा कि बलिदानी राजा गुरु बालकदास जी ने अपने जीवन काल में सदैव सतनामी समाज को एकता के सूत्र मे बांधने का प्रयास किया। कार्यक्रम का संचालन राकेश डहरे तथा आभार प्रदर्शन प्रदीप लहरे ने किया। इस अवसर पर सुनील जांगड़े, राकेश डहरे, हीरा लाल जांगड़े, होरी लाल माथुर, ऋषि चतुर्वेदी, शैलेन्द्र आहूजा, आदर्श बंजारे, नरेन्द्र जांगड़े, संतोष बंजारे, सखाराम लहरे प्रियांशु डहरिया, नरेश रात्रे, डालचंद डाहिरे, बीसी कुर्रे, परगनिहा बंजारे, संतोष खांडे, जलेश्वर कौशले, अन्नुमलिक चतुर्वेदी, अखिलेश कौशले, राजेश लहरे, राजेश हिमले, कौशल माथुर, यशवंत मीरी, मनोज पाटले, विजय खांडेकर, दीपक लहरे, सिद्धांत आहूजा, दीपेश लहरे, संदीप अनंत, नरेन्द्र तोंडे ,धनुष मनहर, अर्जुन जांगड़े, गौकरण डिंडोले, मुकेश कौशले, प्रदीप खांडे सहित अन्य उपस्थित रहे।

### ग्राम रहंगी भारतपुर में पौधरोपण अभियान



**लोरमी**। ग्राम पंचायत रहंगी भारतपुर में पौधरोपण महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह ठाकुर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य समुंद सिंदराम तथा जनपद सदस्य रानी देवा मार्को सम्मिलित हुई। जप अध्यक्ष वर्षा विक्रम ठाकुर ने कहा हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। ग्राम में पूर्व विधायक स्व. मुनीराम साहू,स्व. मालिक राम साहू,स्व. मालिक राम साहू, स्व. फेकूराम कश्यप,स्व. कमला देवी पोर्ते, इनकी स्मृति में वृक्षा रोपण ट्री गार्ड के साथ किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम ठाकुर ,जिला पंचायत सदस्य समुंद सिंदराम ,जनपद सदस्य रानी देवा मार्को कुशल यादव ,राजकुमारी राजपूत, नम्रता कन्हैया वैष्णव, सरपंच प्रतिनिधि सुखमणि भगवान सिंह पोर्ते ,उपसरपंच प्रतिनिधि संध्या भोलाराम साहू ,सुनील शर्मा ,श्याम मुकुंद साहू, सचिव कुशल यादव, पंच रामावतार साहू, जीतराम कोशले, कृष्ण कुमार यादव, नारायण यादव, भागवत पात्रे, जीत कोशले, आशा राम साहू, रोजगार सहायिका राजकुमारी राजपूत आवास मित्र रूपाली श्रीवास, शिवदास वैष्णव आदि मौजूद थे।

## आगर क्लब मैदान में संविदा कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

# एनएचएम कर्मचारी हड़ताल पर, स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



हड़ताल में शामिल स्वास्थ्यकर्मी।

नियमितिकरण, वेतन वृद्धि सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तले मुंगेली जिले के संविदा एनएचएम कर्मचारियों का सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताल का आगाज राष्ट्रगान से हुआ। कोविड 19 में एवं कार्यरत दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि देकर कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया। आज 18 अगस्त को आगर क्लब मैदान में संविदा कर्मचारियों ने जिला स्तर पर अनिश्चित कालीन हड़ताल प्रदर्शन किया। हड़ताल की वजह से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही है।

एनएचएम कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष पवन निर्मलकर संरक्षक अमित दुबे ने बताया कि सभी संविदा अधिकारी कर्मचारी संघ के बैनर तले 10 सूत्रीय मांगो को लेकर आज से अनिश्चितकालीन काम बंद, कलम बंद हड़ताल पर है। उन्होंने बताया कि 10 सूत्रीय मांगो में संविलियन एवं स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, कार्य मूल्यांकन सीआर में पारदर्शिता, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, अनुकम्पा नियुक्ति, मेडिकल व अवकाश सुविधा, स्थानांतरण नीति एवं 10 लाख तक कैशलेस स्वास्थ्य बीमा प्रमुख है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 16,000 से अधिक एनएचएम कर्मचारी 20 वर्षों की सेवा के बाद भी संविदा व्यवस्था में कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और राज्य सरकार के बड़े नेताओं ने पहले संघर्ष के दौरान मंच साझा कर समर्थन दिया था लेकिन आज 20 माह इस सरकार का बीत जाने के बाद भी वादे अधूरे हैं। कोरोना काल में एनएचएम कर्मचारी फ्रंटलाइन योद्धा बनकर दिन-रात ड्यूटी पर डटे रहे, लेकिन आज उन्हें उनके अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। संघ के पदाधिकारी पवन निर्मलकर ने बताया कि संघ के बैनर तले आज 18 अगस्त सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। उन्होंने बताया कि शासन के बेरुखी एवं अड़यिल रवैया के कारण एनएचएम कर्मचारी हड़ताल करने मे विवश हो गए है। जब तक हमारी मांगो में को पूरा नहीं किया जाएगा, तब तक हड़ताल चलता रहेगा। जिसमे अधिकारी कर्मचारी डॉ. अखिलेश बंजारे, डॉ. मीनाक्षी बंजारे, डॉ. शशांक उपाध्याय, जितेन्द्र गौचंद, सुमेध खुजूर, केनेड़ी पोलूस, रितेश मिश्रा, दीनदयाल बंजारे, गोविंद साहू, राहुल पाण्डेय, विनोद देवांगन, अमिताभ तिवारी, धीरज रात्रे, सुषमा पाण्डेकर, नंदनी, लक्ष्मी साहू, कविता घोसले, रुखमनी, अमन, जितेन्द्र तिवारी, कश्यप, भूपाल पुष्पांजलि, राजेन्द्र, कैलाश सहित बड़ी संख्या में संविदा कर्मचारी उपस्थित रहे।



खाद दुकान का निरीक्षण करते अधिकारी।

# खाद की कालाबाजारी रोकने दुकानों तक पहुंचा प्रशासन

**मुंगेली**। जिले में किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने एवं कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर ने निजी दुकानों में यूरिया अधिक दामों पर बेचने की शिकायतों पर सख्ती बरतते हुए सभी एसडीएम और तहसीलदारों को दुकानों की नियमित जांच करने और गड़बड़ी पाए जाने पर तत्काल दुकान सील कर लाइसेंस निलंबित करने के निर्देश दिए हैं।

उपसंचालक कृषि एमआर तिग्गा के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न उर्वरक दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में मेसर्स किसान एजेंसी पंडरिया रोड मुंगेली, मेसर्स संकटमोचन खाद भंडार मुंगेली तथा मेसर्स जायसवाल कृषि केंद्र में लाईसेंस, स्टॉक एवं मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं करने, स्कंध तथा वितरण पंजी, पीओएस स्टॉक व भौतिक सत्यापन में अंतर पाए जाने पर उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश के तहत अनुज्ञा प्रमाण पत्र को 15 दिवस के लिए निलंबित करने की कार्रवाई की गई। इस दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। ग्राम सारधा स्थित कृषि केंद्र नारायण ट्रेडर्स में नायब तहसीलदार, एसएडीओ एवं आरएईओ की संयुक्त टीम द्वारा यूरिया खाद बिक्री का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान में यूरिया खाद का कोई भी स्टॉक उपलब्ध नहीं पाया गया। पास मशीन के आधार पर भी यूरिया भंडारण निरंक पाया गया तथा भौतिक सत्यापन में भी कोई स्टॉक नहीं मिला। विक्रेता ने बताया कि थोक विक्रेता से यूरिया प्राप्त नहीं हो पा रहा है। इस दौरान कृषि और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौजूद रही।

# संसद केवल एक भवन नहीं बल्कि लोकतंत्र का मंदिर



**मल्हार**। जवाहर नवोदय विद्यालय में सोमवार को 27वीं छात्र युवा सांसद का कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और रोचक ढंग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने संसद की कार्यवाही, विधेयक पारित करने की प्रक्रिया एवं जनप्रतिनिधियों की भूमिका का जीवंत मंचन किया। बच्चों ने संसद के संपूर्ण स्वरूप को प्रस्तुत कर सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य ज्वाला बंजारे ने कहा कि संसद केवल एक भवन नहीं, बल्कि लोकतंत्र का मंदिर है। यही वह स्थान है जहां जनता की आवाज़ और आकांक्षाओं को स्थान मिलता है। कार्यक्रम की विशेष भूमिका का निर्माण एवं तैयारी पीजीटी इतिहास राजन कुमार के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में संजीव पांडे, गोविंद पांडे, एमके मिश्रा, यूएस पटेल, फरहान अहमद, एचके साहू एवं सीपी साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अरपा अकैडमी के प्राचार्य मोहम्मद फरहान तथा जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार के प्राचार्य मनोज कुमार श्रीवास्तव भी शामिल रहे।

# गौ हत्या मामले में दोषियों पर कार्रवाई की मांग



**तखतपुर**। जन्माष्टमी के दिन गौ-हत्या कर उसे टुकड़ों में काटकर बिक्री करने वालों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर हिन्दू युवा संगठन ने एसडीएम को ज्ञापन दिया है। आवेदन में कहा है कि जन्माष्टमी के पावन पवित्र पर्व पर भगवान श्रीकृष्ण की अराधना में लीन था और लोग धार्मिक भावना से ओत-प्रोत होकर पूजा-पाठ कर रहे थे। उसी दौरान तखतपुर नगर के मिशन कम्पाउण्ड में दो युवक कमशः संजय खेस के द्वारा अपने घर में गौ-माता की हत्या कर एक अन्य आरोपी साउल मसीह के साथ मिलकर गौ-माता की हत्या कर गौ मांस को विभिन्न लोगों से बिक्री कर रहे थे। मामले में थाना प्रभारी तखतपुर के द्वारा आरोपी संजय खेस और साउल मसीह के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उन्हे गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया है। गौ मांस खरीदने वालों के विरूद्ध और उन दोनों व्यक्तियों को काटने का औजार उपलब्ध कराने वाले लोगों के विरूद्ध भी जांच कर कार्रवाई की जानी चाहिए। दोषियों के विरूद्ध सात दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं होती तो समस्त हिन्दू समाज सड़क पर आकर उग्र आंदोलन करने के लिये विवश हो जाएंगे। इस अवसर पर नारायण सिंह ठाकुर उपेंद्र खुराना संजय शर्मा राजेश सोनी विनय रोहन सिंह किशन सचदेव विवेक पाण्डेय अनिल सिंह ठाकुर गोयल कृष्ण कुमार साहू विक्रम सिंह ठाकुर धनंजय सिंह दिनेश पाण्डेय कोमल सिंह ठाकुर दिलीप श्रीवास शैलेंद्र निर्मलकर शिव देवांगन संदीप गोयल अजय देवगन विवेक पाण्डेय नैन लाल साहू गुरजीत खुराना आत्मजी मक्कड़ सुरेश सिंह ठाकुर बबलू गुप्ता बिहार देवांगन गिरीश कश्यप विक्रम सिंह अमित मंदानी सुनील जांगड़े सहित बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोग उपस्थित रहे।

# स्टॉक पंजी, मूल्य सूची नहीं पाए जाने पर एक दुकान सील



**लोरमी**। अनुविभागीय अधिकारी अजीत पुजारी ने ग्राम देवरहट, तेलियापुरान, सेमरसल के खाद एवं बीज विक्रय दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। ग्राम तेलियापुरान में महामाया बीज एवं खाद भंडार के गोदाम में जांच करने पर लगभग 280 बोरी यूरिया, 112 बोरी सुपर फॉस्फेट, 60 बोरी डीएपी पाया गया। स्टॉक पंजी, मूल्य सूची नहीं पाए जाने पर दुकान को सील किया गया। वैधानिक कार्रवाई हेतु कृषि विभाग को निर्देशित किया गया। इस दौरान राजस्व टीम साथ रही।

# नशे के कारोबार में लिप्त लोगों का पुलिस ने निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



नशे में लिप्त लोगों का पुलिस ने निकाला जुलूस।

शहर में नशे के कारोबार में लिप्त व्यक्तियों का जुलूस निकालकर तस्करों तथा ब्रिकी करने वालों को ''हम है नशा के सौदागर, हमसे बचिए और अपने बच्चों को भी बचाईए'' का नारा लगवाते हुए पुरे शहर मे पैदल घुमाया गया और युवा पीढ़यो को जागरूक किया गया और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के तहत जेल दाखिल किया गया।

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने पुलिस टीम गठित कर अवैध रूप से मादक पदार्थ ब्राउन शुगर, गांजा तस्करी व ब्रिकी तथा सेवन करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए थे। 18 अगस्त को पुलिस अधीक्षक श्री पटेल के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली, थाना जरहागांव एवं सायबर सेल के द्वारा संयुक्त रूप से टीम गठित कर जिले में अवैध रूप से मादक पदार्थ ब्राउन शुगर, गांजा एवं अन्य नशे का तस्करी कर युवा पीढ़ी को नशे का लत लगाने वाले ऐसे तस्करों तथा ब्रिकी करने वाले लोगो की सूची तैयार कर थाना मुंगेली क्षेत्रान्तर्गत जाकिर खान पिता जब्बार खान निवासी दाउपारा चौक मुंगेली, सोनू डांडे उर्फ छोटे सोनू पिता स्व. किशोर मेहर डाण्डे उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड 17 केशवपुर मुंगेली, अनिल कुमार खरसायन उर्फ बड़े सोनू पिता जनक राम मेहर उम्र 38 वर्ष निवासी वार्ड 17 केशवपुर मुंगेली, विष्णु वैष्णव उर्फ शिव बाबा पिता बृजभूषण वैष्णव उम्र 58 वर्ष निवासी खर्रीपारा मुंगेली व थाना जरहागांव क्षेत्रान्तर्गत किशोर ध्रुव पिता स्व.राजेन्द्र प्रसाद उम्र 35 वर्ष निवासी झझपुरीखुर्द जरहागांव, अमित साहू पिता बाबुराम उम्र 38 वर्ष निवासी झझपुरी खुर्द जरहागांव को हिरासत मे लेकर पुछताछ किया गया जो पृथक-पृथक नशा ब्राउन शुगर, नाइट्रा, गांजा, सिगरेट, बीड़ी, शराब का सेवन तथा बाहर राज्यों से ब्राउन शुगर को लाकर युवाओं को बेचते है तथा नशा कराते है जिस पर उक्त जाकिर खान, सोनू डांडे, अनिल खरसायन, विष्णु वैण्णव, किशोर धुरव, अमित साहू की गिरफ्तारी कर शहर मे रैली जुलुस निकालकर तस्करों तथा ब्रिकी करने वालों को ''हम है नशा के सौदागर, हमसे बचिए और अपने बच्चों को भी बचाईए'' का नारा लगवाते हुए पुरे शहर मे पैदल घुमाया गया और युवा पीढ़यो को जागरूक किया गया और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के तहत जेल दाखिल किया गया।

# एनटीपीसी प्रबंधन ने कहा-स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया कराना हमारा दायित्व

■ बैठक में दिखी सर्वदलीय मंच की मांग की लम्बी फेहरिस्त



**सीपत**। रोजगार एवं नौकरी सहित 33 विभिन्न बिंदुओं की मांग को लेकर सर्वदलीय मंच, प्रशासन व एनटीपीसी प्रबंधन के बीच सोमवार को मंगल भवन सीपत में त्रिपक्षीय वार्ता रखी गई। जिसमें लगभग सभी मांगों पर सहमति बनी। स्थानीय अकुशल की श्रेणी में आने वाले भूविस्थापित मजदूरों को सौ प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराने प्रबंधन ने सहमति जताई।

प्रशासन और प्रबंधन ने पंचायतों से स्पष्ट तौर पर कहा कि आप चार वर्षों के लिए विकास के प्रोजेक्ट हमे दें। हम उसे पूरा करने हरसंभव प्रयास करेंगे। वार्ता में हर वर्ष त्रिपक्षीय बैठक जिसमें ग्राम विकास के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा को लेकर सहमति बनी। ओव्हर लोडिंग राखड़ की ट्रांसपोर्टिंग इस पर लगाम लगाया जाएगा। सड़क में फैलते राखड़ सड़क पर न गिरे या फैले इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। सीएसआर मद की राशि को सीधे पंचायत के माध्यम से कार्य हो इस पर सरपंचों ने प्रबंधन से मांग की। इस पर प्रशासन ने कहा कि आपकी मांगों को जिला कलेक्टर के सामने रखेंगे कि सीएसआर मद की राशि ग्राम पंचायतों के माध्यम से हो। प्रबंधन ने नौकरी के संबंध में तीन महीने का समय में नियमानुसार पूरी करने की बात कही। सर्वदलीय मंच ने भी स्पष्ट तौर पर कहा कि यदि वादे के अनुसार तीन महीने के अंदर मांगे पूरी नहीं की गई तो प्रभावित आठ ग्राम व क्षेत्र के लोगों के द्वारा प्रशासन को सूचना देने के बाद एनटीपीसी के गेटों के पास आंदोलन करने को बाध्य हो जाएगा। त्रिपक्षीय वार्ता के सर्वदलीय मंच में मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, पूर्व विधायक इंजी रामेश्वर खरे जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर, अतिरिक्त कलेक्टर एस एस दुबे एसडीएम प्रवेश पैकरा, सीपत तहसीलदार सोनू अग्रवाल, थाना प्रभारी गोपाल सतपथी, एनटीपीसी सीपत अधिकारी एजीएम एच आर सत्यकाम सर , शैलेश चौहान, एचआर डीजीएम श्वेता, एचआर डीजीएम अजीत कुमार , प्रवीण रंजन भारती सहित विभिन्न ग्रामों के जनप्रतिनिधि एवं उनके प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## प्रेस क्लब भवन उन्नयन के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा

# प्रेस क्लब परिसर में विधायक, कलेक्टर, एसपी ने रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा



पंडित माधवराव सप्रे जिला प्रेस क्लब परिसर पेंड्रा में मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सह मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपची, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष पेण्ड्रा राकेश जालान, नगर पंचायत अध्यक्ष मरवाही मधुबाबा गुप्ता, सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी, पुलिस अधीक्षक सुरजन राम भगत, जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे सहित अनेक अधिकारियों ने फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रणव कुमार मरपची ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर पूरे देश में वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिला प्रेस क्लब द्वारा पौधे लगाने का यह कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय कार्य है। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने कहा कि मीडिया को सजग प्रहरी की भूमिका निभानी पड़ती है। पूर्व विधायक डॉ. केके ध्रुव एवं जिला पंचायत के उपाध्यक्ष उपेंद्र बहादुर सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पेंड्रा अध्यक्ष राकेश जालान ने पौधे लगाने के बाद एक पालक की तरह पौधों की देख-रेख और सुरक्षा करने की बात कही। उन्होंने प्रेस क्लब की मांग पर क्लब परिसर में गार्डन निर्माण व प्रेस क्लब भवन उन्नयन के लिए 10 लाख रूपए देने की घोषणा की। इसी तरह कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने ई-लाईब्रेरी के भवन निर्माण के लिए 5 लाख रूपए देने की घोषणा की। प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष अखिलेश नामदेव ने पंडित माधवराव सप्रे प्रेस क्लब सह वाचनालय के प्रतिवेदन से अवगत कराया। कार्यक्रम में सचिव शरद अग्रवाल, गणेश जायसवाल, सुभाष अग्रवाल, मुकेश विश्वकर्मा, दुर्गेश सिंह बिसेन, उज्जवल तिवारी, संदीप अग्रवाल, रामेश्वर तिवारी, शैलेश सोनी, रतन केसरवानी, जितेंद्र सोनी, सुनील सिंह परिहार, सुबीर चौधरी, प्रवेश शर्मा, प्रशांत डेनियल, अरविंद बनाफर, अभिषेक गुप्ता, आयुष्मान शर्मा, अंशु सोनी, सहित क्लब के सभी पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं मनोज गुप्ता, पवन सुल्तानिया, इकबाल सिंह, ओमप्रकाश बंका, मदन सोनी, मनीष केसरी राकेश चतुर्वेदी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# संकुल केंद्र धमनी में प्रधानपाठकों की बैठक, बीईओ ने दिए दिशा-निर्देश



**सरगांव**। पथरिया विकासखंड के संकुल केंद्र धमनी में प्रधानपाठकों की बैठक हुई। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रतिभा मंडलोई ने उपस्थित होकर विद्यालय संचालन एवं शिक्षा गुणवत्ता को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बैठक में मिशन 90 प्लस की प्रगति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य प्राप्ति के लिए ठोस रणनीति बनाने पर बल दिया। डॉ. मंडलोई ने जर्जर भवनों की मरम्मत एवं उनके स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। डॉ मंडलोई ने कक्षा 10वीं के बच्चों से पढाई को लेकर बातचीत की और उन्हें सफलता के टिप्स दिए। इस अवसर पर संकुल प्रभारी अजय कमल, समन्वयक मोहन लहरी, प्रधानपाठक नरेंद्र त्रिपाठी, रामसिंह ठाकुर, मोतीलाल अनन्त, सुशीला ध्रुव, अशोक बरगाह सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### एनटीपीसी प्रबंधक को धमकी देने वाला गिरफ्तार



**बिलासपुर।** खुद को मुख्यमंत्री का करीबी अधिकारी बताकर एनटीपीसी प्रबंधक को मोबाइल से धमकी देने वाले युवक को खैरागढ़ से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीपत टीआई गोपाल सतपथी ने बताया, एनटीपीसी कर्मी जय प्रकाश सत्यकाम 49 साल ने रिपोर्ट लिखाई एनटीपीसी के कार्यकारी निर्देशक विजय कृष्ण पाण्डेय के मोबाइल में अनजान मोबाइल नम्बर से फोन किया गया। फोन करने वाले ने स्वयं का परिचय एके सिंह छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री के विशेष कर्तवयस्थ अधिकारी के रूप में दिया, वह एनटीपीसी पावर स्टेशन को बंद करवाने की धमकी दे रहा था। पुलिस ने अपराध कायम कर जांच में जुट गई। साइबर सेल की मदद से मोबाइल धारक खैरागढ़ में दबिश देकर खैरागढ़ निवासी आकास सिंह राजपूत पिता प्रमोद सिंह 39 साल को पकड़कर मोबाइल बरामद कर लिया है। पुलिस ने उसे बीएनएस की धारा 242, 319, 351, 1 के तहत गिरफ्तार कर पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

### बंगले में चोरी करते युवक पकड़ा गया

**बिलासपुर।** पुराना चीफ जस्टिस बंगला में चोरी करते एक युवक को चपरासी ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, जितेन्द्र कुमार द्विवेदी उच्च न्यायालय में चपरासी है। 17 अगस्त को दोपहर 1 बजे वह पुराना चीफ जस्टिस बंगला 27 खोली चौक मोटर पंप बंद करने गए थे। इसी दौरान उन्हें बंगले के अंटकर ठोकने पीटने की आवाज सुनाई दी। वह अंदर गए तो एक युवक देखकर भाग गया। दूसरा युवक सूटकेस बंद कर रहा था। उन्होंने उक्त युवक को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम ओमप्रकाश गोडकुण्डे उर्फ गज्जू पिता विकास गोड़कुण्डे 23 साल बंगलीपारा मुक्तिधाम चौक निवासी होना बताया। वहीं भागने वाले अपने साथी का नाम राजा वस्त्रकार उर्फ बोईर पिता मंगल मुक्तिधाम चौक पूजा पार्क सरकण्डा निवासी होना बताया है। चपरासी ने ओमप्रकाश गोड़कुण्डे उर्फ गज्जू को पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने जितेन्द्र कुमार की रिपोर्ट पर दोनों युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305, 331, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर गोड़कुण्डे को गिरफ्तार कर लिया है।

### 27 लाख के जेवरात पार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पश्चिम बंगाल से 27 लाख से अधिक के सोने के जेवरात चोरी करने के बाद अहमदाबाद से फरार हो रहे आरोपी को आरपीएफ की टीम ने पकड़ा है। आरपीएफ ने पूछताछ करने के बाद जेवरात सहित आरोपी को पश्चिम बंगाल पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। सोमवार को नियंत्रण कक्ष से आरपीएफ को सूचना मिली कि हावड़ा से सोने के जेवरात चोरी करने के बाद आरोपी फरार हो गया, जो हावड़ा से अहमदाबाद जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन में सफर कर रहा है। सूचना और पश्चिम बंगाल की पुलिस से मिले हुलिए के अनुसार आरपीएफ ने ट्रेन के स्टेशन पहुंचने के बाद आरोपी की तलाश शुरु कर दी। इस दौरान आरोपी एसी कोच बी 7 में सफर करते हुए दिखाई दिया। आरपीएफ और सीआईबी सहित टास्क टीम के अधिकारियों व स्टाफ ने उक्त व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ की। आरपीएफ को पूछताछ में हावड़ा निवासी अतुल जाधव 24 साल की जानकारी मिली। उसने बताया कि वह हावड़ा नैहाटी में सोने के जेवरात की कारीगिरी का कार्य करता है। वह सोने के जेवरात लेकर हावड़ा से नागपुर तक सफर कर रहा था। आरपीएफ ने आरोपी अतुल जाधव के पास रखे 27 लाख 50 हजार रुपए के 275.93 ग्राम सोने के जेवरात जब्त करने के बाद सूचना पश्चिम बंगाल पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पश्चिम बंगाल की पुलिस के स्टेशन आरपीएफ पोस्ट पहुंचने पर कागजी कार्रवाई करने के उपरांत आरोपी को सुपुर्द कर दिया गया है।

**रामराज जैसा माहौल** — तीन दिन की छुट्टी के बाद भी सोमवार की सुबह लगभग सभी आफिस खाली थे

# यह है सरकारी सिस्टम का स्याह सच, दफ्तरों में चल रही मनमर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

यह है सरकारी सिस्टम का स्याह सच, सरकारी छुट्टी के बाद भी जिम्मेदारों की खुमारी नहीं उतरती है और जिले के सरकारी दफ्तरों में अधिकारी-कर्मचारियों की मेरी मर्जी यानी मनमर्जी चल रही है। रामराज जैसा माहौल है। दफ्तर पहुंचने का समय 9.55 बजे है लेकिन अधिकारी-कर्मचारी अपने दफ्तरों में 11-12 बजे तक नहीं पहुंच रहे और शासन के सुशासन को पलीता लगा रहे हैं। तीन दिन की छुट्टी के बाद भी सोमवार की सुबह लगभग सभी आफिस खाली थे। कुछ में तो ताला तक नहीं खुला था। कुछ जगह चपरासी झाड़ू लगा रहे थे तो कुछ जगहों पर कंम्प्यूटर से धूल झाड़ी जा रही थी। हरिभूमि ने इन आफिसों को जायजा लिया तो पाया कि कहीं चौकीदारी, चपरासी ही पहुंचे थे, तो कहीं इक्का-दुक्का कर्मचारी। यहां तक कई दफ्तरों में विभाग प्रमुख भी गायब थे। डीईओ आफिस में तो करीब 15 से 16 कर्मचारी नहीं पहुंचे थे। इसी तरह महिला एवं बाल विकास विभाग, सिंचाई विभाग, कृषि विभाग समेत अन्य दफ्तरों में भी ऐसा ही नजारा दिखा।

- कुछ में तो ताला तक नहीं खुला था, कुछ जगह चपरासी झाड़ू लगा रहे थे

गौरतलब है कि शासकीय दफ्तरों में शुक्रवार शनिवार और रविवार को अवकाश था। लगातार तीन दिन छुट्टी के बाद आम लोगों के उम्मीद थी कि सोमवार को आफिस समय पर खुलेंगे और उनका काम हो सकेगा। इसलिए लोग तहसील से लेकर रजिस्ट्री और दूसरे विभागों में सुबह ही पहुंच गए थे लेकिन उनके हाथ निराशा और इंतजार ही लगा। अधिकारियों और कर्मचारियों की तीन दिन की छुट्टी की खुमारी नहीं उतरी थी।



तहसील कार्यालय में अफसर व बाबू नदारद।



खाद्य विभाग में खाली पड़ी रही कुर्सियां।



खनिज विभाग में फर्श की सफाई करता कर्मचारी।

### लोगों के हिस्से निराशा और इंतजार

ध्यान रहे कि शासकीय दफ्तरों में फाइव डे वर्किंग के चलते कार्यालयीन समय सुबह 10 बजे से किया गया है ताकि दफ्तरों में काम जल्दी शुरू हो और आम लोगों को पर्याप्त समय मिले। मगर उल्टा जहां आम लोगों के लिए सरकारी दफ्तरों में कामकाज एक दिन कम हो गया है तो दूसरी ओर 10 बजे कार्यालय खुलने का नियम केवल अधिकारी-कर्मचारियों के लिए मौज साबित हो रहा है। सोमवार को कई कार्यालयों में 11 बजे तक कर्मचारी अधिकारी ही गायब थे, जबकि उनका इंतजार कर रहे फरियादी भटकते रहे।

### यह रही हालत

- समय सुबह 10.33 बजे, तहसील आफिस- फरियादी इंतजार में लेकिन एक भी अधिकारी और बाबू नहीं पहुंचे थे।
- समय सुबह 10.40 बजे, रजिस्ट्री आफिस- झाडू लग रहा था, एक भी रजिस्ट्रार नहीं पहुंचे थे, 10 से अधिक लोग खड़े थे।
- समय सुबह 10.46 बजे, शिक्षा मिशन आफिस- कोई नहीं आया था, चपरासी ने बताया कि एक क्लर्क आया और कम्प्यूटर चालू कर चला गया।
- समय सुबह 10.47 बजे, आदिवासी विकास आफिस- दो क्लर्क पहुंच गए थे, अधिकारी नदारद थे, चपरासी झाड़ू पोछा लगा रहा था।
- समय सुबह 10.49 बजे, पीएचई आफिस- एक क्लर्क आफिस में दाखिल होता दिखाई दिया, इसके अलावा कोई नहीं पहुंचा था।
- समय सुबह 10.54 बजे, खाद्य विभाग आफिस- ना तो कोई बाबू ना कोई इंस्पेक्टर और दूसरे अधिकारी पहुंचे थे, चपरासी झाड़ू लगाता दिखा।
- समय सुबह 10.57 बजे, खनिज विभाग आफिस- कोई नहीं पहुंचा था, इंस्पेक्टर के चेंबर में महिला भृत्य पोछा लगा रही थी।

### निरीक्षण कर की जाएगी कार्रवाई

सभी विभागों का समय-समय पर निरीक्षण किया जाता रहता है। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर उनका वेतन तक रोका जाता है। यदि इस प्रकार की कोई शिकायत आ रही हैं, तो इसका औचक निरीक्षण कराकर उन पर कार्रवाई की जाएगी।

\- संजय अग्रवाल, कलेक्टर

**कार्रवाई:** चार लीजधारियों को आबंटित की गई है दुकान

# शिव टाकीज रोड, पुराना बस स्टैण्ड के पास चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



इमलीपारा रोड पुराना बस स्टैण्ड स्थित राजस्थान होटल को तोड़ते नगर निगम का अमला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम ने पुराना बस स्टैण्ड चौराहे से लेकर शिव टाकीज रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया, इस दौरान बीच में बनी राजस्थान जलेबी की दुकान सहित एक कबाड़ी की अवैध दुकान तोड़ी गई। बुलडोजर कार्रवाई के दौरान दिन भर गहमागहमी का माहौल रहा।

ज्ञात हो कि कि सत्यम चौक से पुराना बस स्टैंड तक इमलीपारा सड़क का निर्माण काफी पहले ही कर लिया गया था परंतु बस स्टैंड के पास निगम की दुकानों में काबिज दुकानदारों की वजह से सड़क बॉटल नेक हो गई थी। साल भर पहले निगम ने राजस्थान जलेबी को छोड़कर सभी दुकानों को हटा लिया था। न्यायालयीन प्रक्रिया होने की वजह से उक्त दुकान को हटाया नहीं जा सका था। दुकानों को हटाने के बाद उपलब्ध स्थान पर स्मार्ट सिटी द्वारा कांप्लेक्स तैयार कर लिया गया है और चौड़ी सड़क भी लगभग बनकर तैयार है। राजस्थान जलेबी के नहीं हटने से उक्त सड़क का पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा था।

### लॉटरी के माध्यम से दुकानों का आबंटन

निगम के मुताबिक इमलीपारा मार्ग से हटाए गए दुकानदारों में पांच की लीज अवधि समाप्त नहीं हुई था,इस वजह से उन दुकानदारों को नवनिर्मित काम्प्लेक्स में एक दर तय कर और वार्षिक किराए के आधार पर लॉटरी के माध्यम से दुकानों का आबंटन किया गया। उनमे से एक राजस्थान जलेबी भी शामिल है। राजस्थान जलेबी होटल के संचालक द्वारा किरानायानामा करने और पुरानी दुकान को खाली करने के बाद सोमवार को निगम ने कार्रवाई की और उसे तोड़ दिया।

### कबाड़ी दुकान को हटाया गया

नगर निगम ने पुराना बस स्टैंड के पास मनोज कश्यप द्वारा संचालित अवैध कबाड़ी दुकान के खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए उक्त दुकान में बुलडोजर चलाया। इसके अलावा अन्य दो कबाड़ियों के दुकान के बाहर शेड को हटाया। इसके अलावा पुराना बस स्टैंड से लेकर शिव टॉकिज तक अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया।

### बीएसएनएल, एयरटेल जियो को नोटिस

शहर के स्ट्रीट लाइट के पोल में बेतरतीब तरीके से फाइबर ऑप्टिकल केबल लटकाने वाली कंपनियों और एजेंसियों को व्यवस्थित करने नगर निगम ने नोटिस जारी कर अंतिम चेतावनी दी है। एक सप्ताह के भीतर केबल वायर को व्यवस्थित या हटाया नहीं गया तो निगम सख्त कार्रवाई करेगा। इसके लिए नगर निगम ने 16 जुलाई को सभी ऑप्टिकल केबल कंपनियों जिनमें बीएसएनएल, एयरटेल,जियो और स्थानीय केबल आपरेटर प्रमुख तौर पर शामिल थे, इनके साथ बैठक कर दिशा निर्देश जारी किए थे। इसके अलावा 30 जुलाई को बैठक के संदर्भ में लिए गए निर्णय के आधार पर नोटिस भी जारी करने के अलावा 7 अगस्त को आम सूचना भी जारी की गई है।

- महीने भर पहले बैठक लेकर दिए गए थे निर्देश

ज्ञात हो कि इन इंटरनेट और अन्य सेवा प्रदाय करने वाली कंपनियों के द्वारा शहर के मुख्य मार्गों में स्ट्रीट लाइट के पोल में केबल लटकाकर सेवा उपलब्ध कराया जा रहा है।जिनमें से अधिकतर नियम एवं शर्तों के विपरीत परिस्थितियों में है। इससे आम लोगों को असुविधा हो रही है। इससे दुर्घटना की संभावना भी हमेशा बनी रहती है। इसके अलावा शहर की खूबसूरती में भी ये दाग लगा रहे हैं।

**पार्टटाइम नौकरी दिलाने का झांसा**

# युवक से 2 लाख 37 हजार रुपए की आनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पार्टटाइम नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक युवक से अलग अलग किश्तों में 2 लाख 37 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार मंगला अभिषेक नगर निवासी अभिषेक साहू पिता राजीव साहू 24 साल ने रिपोर्ट लिखाई। 31 मई को उनके वाट्सएप पर अनजान मोबाइल नम्बर में फोन आया। फोन करने वाली ने स्वयं का नाम प्रिया शर्मा बताते हुए एनएसआई में एचआरए पद पर कार्यरत होने का दावा किया और उनके मोबाइल पर टेलीग्राम लिंक भेजा और घर बैठे पैसा कमाओ योजना के तहत रेटिंग और ट्रेडिंग टास्क करने का प्रलोभन दिया।

शुरूआत में लाभ मिलने पर उन्हें भरोसा हो गया। उसके बाद उन्होंने गुगल पे व फोन पे के माध्यम से बार बार रकम जमा करना शुरू किया। 1 से 3 जून तक 2 लाख 37 हजार बताए गए बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया गया है। उसके बाद उन्हें 4 लाख 21 हजार रुपए मुनाफा दिखाते हुए रकम निकालने के लिए 20 प्रतिशत टैक्स 70 हजार 240 रुपए अतिरिक्त जमा करने का दबाव बनाया गया। उसके बाद उन्हें आनलाइन ठगी के शिकार होने का अहसास हुआ। पुलिस ने श्री साहू की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### एमआर से 1 लाख 47 हजार की ठगी

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, रामाग्रीन सिटी फेस 2 निवासी एमआर संग्राम सिंह राजपूत पिता सुरेन्द्र सिंह 14 जून को दोपहर 3.05 बजे अपने घर में थे। उसी दौरान उनके मोबाइल नम्बर में अनजान मोबाइल नम्बर से फोन आया और अपने आपको एसबीआई क्रेडिट कार्ड का अधिकारी बताकर कहा उनका एक हेल्थ इश्योरेंस का 2 हजार 750 रुपए कट रहा है। इसे बंद करने के लिए एक लिंक भेजा गया। उन्होने लिंक सर्च किया तो उनके बैंक खाते से तीन किस्तों में 1 लाख 47 हजार रुपए दूसरे बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### मटकी फोड़ने को लेकर विवाद, 5 युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी क्षेत्र में मटकी फोड़ने के दौरान विवाद करने वाले 5 युवकों को गिरफ्तार किया गया है। रविवार की रात सिरगिट्टी क्षेत्र में अलग अलग जगहों में मटकी फोड़ का आयोजन किया जा रहा था। सुरक्षा की दृष्टि से टीआई किशोर केंवट स्टाफ के साथ क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग कर रहे थे। इसी दौरान जहां भी झगड़ा विवाद की सूचना मिलती थी वे तत्काल मौके पर जाकर विवाद करने वाले युवकों को पकड़कर सीधे थाने भेज रहे थे। पुलिस ने झगड़ा विवाद करने वाले विजय यादव पिता सहसराम यादव 26 साल मन्नाडोल, ताकेश उर्फ अन्नू मानिकपुरी पिता जीवन दास मानिकपुरी मन्नाडोल, कैलास उर्फ केरी मरावी पिता दादूराम मरावी 22 सा नयापारा, शिवाकांत उर्फ मूंडू मेहर पिता विनोद मेहर 22 साल वार्ड नम्बर 9 सिरगिट्टी, संतोष दास उर्फ छोटू मानिकपुरी पिता नारायण मानिकपुरी 24 साल बन्नाक चौक को गिरफ्तार कर पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया गया है।

### चोरी के ट्रेलर सहित दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ट्रेलर चोरी कर भागने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीपत पुलिस के अनुसार, 17 अगस्त को नवाडीह चौक में ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीपी, 6188 को रोककर ड्राइवर हेलपर को डरा धमका कर दो युवक ट्रेलर लेकर भाग गए थे। पुलिस ने नवाडीह निवासी दुर्गेश उर्फ निक्कू वर्मा पिता स्व. राजेन्द्र वर्मा, राज कुमार निर्मलकर पिता रमेश 19 साल को पकड़कर ट्रेलर बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।




# प्लास्टिक कॉइन से जुआ खेलते पकड़े गए 9 रसूखदार जुआरी



**बिलासपुर।** पुलिस ने 9 रसूखदार जुआरियों को प्लास्टिक काइन से जुआ खेलते पुलिस ने पकड़ लिया। जुआरियों के पास से 41 हजार रुपए जब्त किए गए हैं।

सरकंडा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कोनी रोड लोधीपारा में कुछ जुआरी प्लास्टिक के कॉइन से जुआ खेल रहे हैं। पुलिस मौके पर दबिश दी और फड़ तथा जुआरियों की तलाशी लेकर 41 हजार 505 रुपए , 11 नग मोबाइल तथा प्लास्टिक कॉइन जब्त किया है। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई है। पकड़े गए जुआरियों में रमेश कुमार अग्रवाल अग्रसेन चौक, सुशील अग्रवाल पुराना सरकण्डा, चन्द्रशेखर अग्रवाल महाराणा प्रताप चौक अकलतरा, विजय विधानी हेमूनगर चौक, हरवंश लाल दयालबंद, बिहारी ताम्रकार करबला रोड, तेजेस्वर वर्मा गोंड़पारा, सुनील अग्रवाल चांटीडीह, पारसराय निवासी 27 खोली बिलासपुर हैं।






## खबर संक्षेप

### बेलगहना पंचायत में निकाली गई तिरंगा यात्रा




**बेलगहना।** ग्राम पंचायत बेलगहना विजय तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में छात्र संगठन के छात्र-छात्रा एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य था कि समरसता एवं सभी जाति धर्म के लोग तिरंगे के नीचे समान है। इस प्रकार से विचार लेकर पहली बार प्रथम वर्ष बेलगहना में तिरंगा यात्रा हायर सेकेण्डरी स्कूल से बस स्टैंड तक तय किया गया। इस अवसर पर संदीप शुक्ला, जय गुप्ता, वेदांत अग्रवाल, हैप्पी गुप्ता, गोविन्द यादव, गणेश कश्यप, डॉ चंद्रभान नायक, प्रखर पाण्डेय, नवीन बघेल, कोटा से विनय गुप्ता मोहन वैष्णव अजय तिवारी राजकुमार साहू उपस्थित थे।

### स्वतंत्रता दिवस पर मेडिकल टीम ने किया ध्वजारोहण



लोरमी। स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया । मेडिकल टीम द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से लोरमी, मुंगेली, पथरियां ,सरगांव के जिला अध्यक्ष निरंजन अग्रवाल शामिल रहे। इस अवसर पर लोरमी ब्लाक अध्यक्ष मिंटू छाबडा, सचिव मुकेश कश्यप, राजेंद्र साहू, द्वारिका साहू, सौरभ शर्मा, रघुवीर साहू, संतोष साहू, उमाकांत गुप्ता, जितेंद्र साहू, अवधेश राजपूत, राजेश साहू, राम गोपाल अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, अमित शिवहरे, राजकुमार ठाकुर, राजेश जायसवाल, नवीन जायसवाल, ऋतु छाबडा, राजू आहूजा, मोनू सरदार, ओमकार साहू, जीवन साहू, संजय श्रीवास, आसवानी अग्रवाल, दीपक साहू, तिरिथ साहू, जितेंद्र राजपूत, पंकज ठाकुर, कौशल कश्यप , मुकेश साहू, हरीश देवांगन एवं मेडिकल यूनियन के सभी सदस्य शामिल रहे।

### बच्चों ने निकाली जीवंत झांकी लोगों का मोहा मन




**करगीरोड कोटा।** एलबीडी इंटरनेशनल हायर सेकेंडरी स्कूल में जन्माष्टमी उत्सव हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हें मुन्ने बच्चे श्रीकृष्ण और राधारानी के रूप में सजे–धजे विद्यालय पहुंचे। बच्चों की मनमोहक झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य मुकेश निर्मलकर ने विधिवत पूजा अर्चना कर की। इसके बाद परंपरागत मटकी फोड़ का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे विद्यालय परिसर में भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा। इस मौके पर सभी शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ सदस्यों ने मिलकर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया।

### जीएस फ्यूल प्वाइंट में जन्माष्टमी पर कार्यक्रम आयोजित




**पेंड्रा।** जीएस फ्यूल प्वाइंट सुलतानिया पेट्रोल पम्प में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर केक काटकर ग्राहकों के बीच माखन-मिश्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में नन्हीं इरा अग्रवाल ने नटखट कान्हा का रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। इस आयोजन में जीएस फ्यूल प्वाइंट की प्रोपराइटर मंजुलता सुलतानिया एवं कुमार मंगलम सुलतानिया, आशीष अग्रवाल व राहुल गोयल भी सम्मिलित हुए।

### हाथियों का झुण्ड पहुंचा घोघानाला, मचाया उत्पात

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। यहां के केंदई रेंज में हाथियों की मौजूदगी लगातार बरकरार है। हाथियों ने इस क्षेत्र को अपना पसंदीदा जगह बना लिया है। इन दिनों हाथियों के झुण्ड ने रेंज के कोरबी सर्किल को अपना ठिकाना बनाया है। यहां कोदवारी तथा पोड़ीखुर्द के रास्ते हाथियों का दो झुण्ड पहुंचा है और सर्किल के खुरूपारा में एक साथ मिलकर डेरा डालने के बाद बीती रात दो दंतैल हाथियों को छोडक़र शेष 41 हाथी घोघानाला सिटीपखना की ओर रूख कर लिया है। हाथियों ने घोघानाला पहुंचने से पहले रास्ते में अनेक किसानों की धान की फसल को रौंद दिया है जिससे उन्हें काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। क्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथियों के आने तथा विचरण करने से ग्रामीण दहशत में हैं। वहीं वन विभाग ने हाथियों की निगरानी बढ़ा दी है। मैदानी अमले के अलावा ड्रोन कैमरे की मदद से हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखा जा रहा है। वन अमले की यह कोशिश है कि हाथियों का दल जंगल ही जंगल विचरण करता रहे और आबादी वाले क्षेत्रों में न पहुंचने पाए ताकि संभावित नुकसान को रोका जा सके।

## मुस्लिम विकास मंच ने निकाली विशाल तिरंगा रैली, शामिल हुए सभी धर्मों के लोग

# तिरंगा रैली में दिया देशभक्ति व कौमी एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला



स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ पर मुस्लिम विकास मंच ने विशाल तिरंगा रैली निकाली। तिरंगा रैली पुराना गौरेला स्थित मदीना मस्जिद के पास से प्रारंभ होकर गांधी चौक होते हुए नगर के मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए संजय चौक पर समाप्त हुई। रैली में मुस्लिम समाज के नौजवानों ने देशभक्ति के जज्बे के साथ कौमी एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा में 75 मीटर लंबा तिरंगा लिए मुस्लिम समाज के नवयुवकों ने देश के अमर सेनानियों के जिंदाबाद के नारे लगाकर नगर में देशभक्ति के जज्बे की मिसाल पेश की।

संजय चौक में आयोजित मुख्य कार्यक्रम जिसमें सामाजिक समरसता को कायम करने नगर पालिका परिषद गौरेला एवं पेंड्रा के अध्यक्षों के साथ-साथ हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई सहित विभिन्न समाज के प्रमुख मंचासीन थे। मंच के संरक्षक अधिवक्ता निसार अहमद ने सभी से सामाजिक सद्भाव और देश हित में कार्य करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद गौरेला के अध्यक्ष मुकेश दुबे ने कहा कि आज देश को विकास के मार्ग में आगे बढ़ाने के लिए आपसी भाईचारा और एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने मंच से मुस्लिम समाज के सामुदायिक भवन निर्माण हेतु अध्यक्ष निधि से 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका पेंड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान ने की। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के जिला संयोजक एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मथुरा सोनी ने मंच से देशभक्ति से ओतप्रोत गजलों से समा बांधा। इस मौके पर राठौर क्षत्रिय समाज नर्मदांचल के जिला अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि कैलाश राठौर, उत्कर्ष सतनामी समाज कल्याण समिति के संरक्षक एवं विशिष्ट अतिथि छोटू लाल रात्रे, विशिष्ट अतिथि सूर्यकांत रात्रे, डिसाइपल्स आफ क्राइस्ट चर्च ज्योतिपुर के पास्टर केसी सिक्का, जिला प्रेस क्लब के संयुक्त सचिव अजीत गहलोत, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सरदार सुखदेव सिंह ग्रेवाल एवं भरत सिंह राजपूत ने अपनी बातें रखीं। मदीना मस्जिद के पास सामुदायिक भवन के सामने मंच के संरक्षक निसार अहमद ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम का संचालन मंच के जिला अध्यक्ष असद सिद्दीकी ने एवं आभार प्रदर्शन अफसर खान ने किया। कार्यक्रम में मंच के उपाध्यक्ष कमाल खान एवं साहबान राईन, संरक्षक मौलाना शफीक, हाजी जुबेर अहमद, नफीस अंसारी, इदरीश खान, शाहिद राईन, नौशाद राईन, नवाब खत्री, गुलाम गौस, सिराज खान, अफ़ाज नियाजी, रईस खान, राजू साहिल, सुहेल आलम, मोहम्मद शकील, अख्तर अली, असलम खान, सलीम राईन, परवेज अहमद, तनवीर आलम, शेख इरफान, जमील राईन, राजा निजामी, इरशाद अहमद, मोहम्मद इरशाद, हाजी गौस खान, इरशाद मंसूरी, रशीद खान, अब्दुल रशीद, अनस मंसूरी, इरफान बंटी, ओवेश अंसारी, सलीम शेख, शरीफ खान, गुलशन खान, फजलुर रहमान, तावीज खान, शमशाद अली, आकिब खान, इस्माइल खान, कदीर रूमी, सलीम कुरैशी, फारूख हुसैन, अशफ़ाक मंसूरी, शाहिद, अफजल कुरैशी, अज़हर खान, आबिद खान, बाबा खान, सकलैन मंसूरी, सलीम अंसारी, रिजवान मंसूरी, मोहम्मद नफीस राजा, हसलैन, अमन अशरफी सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के युवा एवं बुजुर्ग शामिल थे।

### ग्रामीण अंचल में शान से लहराया तिरंगा



जरहागांव। स्वतन्त्रता दिवस पर ग्रामीण अंचल में ध्वज फहराया गया। बरेला सहकारी समिति में अध्यक्ष हीरा लाल पटेल, प्रबंधक घनश्याम देवांगन, शिव शंकर नागेश ध्रुव, नगर अध्यक्ष नरेश पटेल एवं नगर पंचायत टीम ने ध्वजारोहण किया। जरहागांव में अध्यक्ष रुपाली वेद प्रकाश कश्यप, उपाध्यक्ष मनोज कश्यप पार्षद, थाना में प्रभारी नन्दलाल पैकरा थाना परिवार तथा तहसील कार्यालय में तहसीलदार कमल किशोर पाटनवर एवं स्टाफ पटवारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। भठलीकला सोसायटी में अध्यक्ष घनश्याम यादव, प्रबंधक हर दयाल चंद्राकर, दुकालू कश्यप, यशवंत कश्यप, लीला राम साहू, दशरंगपुर सोसायटी में अध्यक्ष अश्वनी मोहले, प्रबंधक राहुल जायसवाल, ग्राम पंचायत दशरंगपुर में सरपंच लक्ष्मी चन्द मोहले की अगुवाई तथा मानसिंह मोहले की उपस्थिति में पंचायत भवन परिसर एवं स्कूलों में ध्वजारोहण किया गया। पदमपुर सेवा सहकारी समिति में अध्यक्ष रामसनेही कश्यप, प्रबंधक टेकलाल कश्यप, बिरगहनी पंचायत भवन एवं प्राथमिक शाला में सरपंच रत्ना मिलन कुर्रे सेवक दिवाकर, भारत दिवाकर, राजू यादव, सुभाष गुप्ता, छेदी परिहार, पुन्नुलाल कुर्रे, धन्नु धिंडोरे, जितु अंचल, परमानंद टंडन, घनश्याम श्रीवाश , सुनील यादव ,राजेश पाली, अजय बरमाते, रमेश, हरिलाल टंडन, शनिज टंडन, टेकेश्वर् धीडोरे, गोवर्धन दिवाकर, धर्मराज दिवाकर, धर्मेंद्र धीडोरे, छोटे लाल कुर्रे उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। ग्राम पंचायत छतौना में सरपंच किरण श्रीकांत कश्यप, उप सरपंच रमेश मरकाम, पंच रूपेंद्र कश्यप, बलदेव कश्यप, सुनती सीताराम कश्यप, रेखा-रामचंद्र कश्यप, सुरेखा-अमित कश्यप, रागनी सनत कश्यप, राहुल कश्यप, जगसेनी प्रमोद बघेल, निहाल मशीह, सुमित, लाल, चित्ररेखा प्रहलाद कश्यप, कुमार निषाद, ऊषा बद्री कश्यप, सचिव राजाराम कश्यप, कीर्ति अनिल बघेल राज बाई कश्यप, मीनाक्षी मधुकर, रामकली कश्यप, तुलाराम कश्यप, हीरालाल कश्यप ने ध्वजारोहण किया। बरदुली सरपंच रानू तुकाराम साहू ने पंचायत भवन, प्राथमिक शाला में ध्वजारोहण किया।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन का सम्मान



**मुंगेली।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत ''एक शाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम तिरंगा यात्रा'' कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार तिरंगा यात्रा रैली विद्यालय परिसर से डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी स्टेडियम स्थित अमर जवान शहीद स्मारक पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात रैली एस.एन.जी. कालेज, महाराणा प्रताप चौंक, परमेश्वरी चौंक, परशुराम चौंक, गुरूघासीदास चौंक से देवगांव, सुरदा, संगवा होते हुए देवरी महंत पहुंचा। जहां स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके परिवार के योगदान के संबंध में चर्चा की गई। वरिष्ठ नागरिक राजमहंत दिनदयाल कोशले एवं एच.आर.भास्कर ने सेनानियों के बारे में संस्मरण सुनाए। संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर ने कहा कि जिले में कुल 36 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे हैं। इस बार 36 में से 15 सदस्यों दीपक गुप्ता, दास कुर्रे, मुंजन, गुलाब कोशले, देवप्रसाद गेंदले, महेन्द्र कोशले, दीपक सेन्ड्रे, लालजी कुर्रे, राजमहंत दिनदयाल कोशले, पुनाराम, उमा कात्यायनी कोशले, पं.ईशान बंजारे एवं नगर से रामकुमार बैस, शरद ताम्रकार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर व्यवस्थापक एच.आर. भास्कर, प्राचार्य आशा दिवाकर, सह प्राचार्य छत्रपाल डाहिरे, शत्रुहन, जगदीश प्रसाद, लक्ष्मीकांत, वीरसिंह, जितेन्द्र, नरेश, देवप्रसाद, अम्बिका कोशले, चंदूलाल मंडलोई, सौखीलाल महिलांग, नंदनराज, दीनबंधु, माखनलाल, प्रेमचंद, धनलाल, राहूल, योगेश, तोपचंद, अनिता, अंजिता, नीलू, शशिकला, सरस्वती, कलावती, लीला, भुवनेश्वरी, जीनी छात्र-छात्रा तथा पदाधिकारी एवं सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### एबीवाय स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मना स्वतंत्रता दिवस



**सेतगंगा/मुंगेली।** एबीवाय स्कूल सेतगंगा में हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इस क्षेत्र के सक्रिय व युवा जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य सेतगंगा कमल लोचन टोन्डर व कार्यक्रम की अध्यक्षता के रूप में सेतगंगा मण्डल के महामंत्री व सेवा सहकारी समिति सिंगारपुर के अध्यक्ष नारायण प्रसाद शर्मा व विद्यालय के एमडी मनोहर यादव और एचएम यशवंत टोण्डर उपस्थित थे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में भूपेंद्र गबेल, जितेंद्र गबेल, यशपाल यादव, प्रीतम मंगेशकर, प्रदीप मिरी, गोविंद चौहान, मोती चौहान, संतोष यादव के साथ इस क्षेत्र के आम नागरिक व पालक बन्धु उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता व अमर शहीदों के प्रतिमा का पूजा अर्चना करके जनपद सदस्य के दारा ध्वजारोहण किया गया। अतिथि स्वागत के बाद बच्चों दारा रंगारंग सरस्वती वंदना स्वागत गीत जैसे अनके सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। जिसमें देशभक्ति, लोकनृत्य, भाषण कविता आदि को छोटे-छोटे बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इसी बीच रंगोली, राखी, स्वच्छता प्रतियोगिता का ईनाम स्कूल द्वारा अतिथियों के कर कमलों से दी गयी। कार्यक्रम को तैयारी व दिशा निर्देश देने वाले मेम विभा वर्मा, किरण कोशले, भारद्वाज मेम, धनेश्वरी सागर और साहिल यादव थे।

### ऋण पुस्तिका व पंजीयन की समस्या को लेकर युकां ने सौंपा ज्ञापन



**मुंगेली।** ऋण पुस्तिका व पंजीयन की समस्या को लेकर युवा कांग्रेस ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। युवा कांग्रेस नेता व पार्षद अजय साहू ने बताया कि डीसीएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से खरीदी गई भूमि को ऑनलाइन व ऋण पुस्तिका नहीं मिलने से किसान परेशान है पूर्व में शासन के द्वारा धारा 109/110 में संशोधन करते हुए ऑटो नामांतरण की प्रक्रिया चालू की गई है जिसमें कि जो व्यक्ति प्रक्रिया का लाभ उठा रहा है उसको उसकी भी ऋण पुस्तिका प्राप्त नहीं हो पा रहा है एवं साथ ही जिन कृषकों के द्वारा भूमि क्रय किया जा रहा है उसका डी.सी.एस सॉफ्टवेयर के माध्यम से खरीदी भूमि ऑनलाइन में नहीं दिख रहा है जिसकी कृषकों की भूमि धान बिक्री हेतु पंजीयन नहीं हो पा रहा है जिससे भूमि खरीदने वाले किसान बहुत परेशान हैं यदि समय पर पंजीयन नहीं हुआ तो किसान धान बिक्री नहीं कर पाएंगे। ज्ञापन के दौरान युवा नेता नरसिंह निषाद, युवा नेता काशी यादव, अतुल यादव, मोनू वर्मा, रमाकांत वर्मा, डीकेश्वर निषाद, रवि दास, विवेक साहू, अशोक वर्मा, लक्की साहू सहित अधिक संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### खजुरी नवागांव स्कूल में बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए भूमिपूजन



तखतपुर। शासकीय प्राथमिक स्कूल खजुरी नवागांव स्कूल की बाउंड्रीवॉल के लिए जनपद अध्यक्ष माधवी संतोष वस्त्रकार ने भूमि पूजन किया। माधवी वस्त्रकार ने कहा कि स्कूल में पढ़ाई करने वाले बच्चे सुरक्षित रहें और परिसर भी स्वच्छ रहे तथा मैदान में हरियाली एवं पौधे लग सके जिसके लिए विद्यालय में आहाता का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे अब बच्चों को एक व्यवस्थित मैदान के साथ साथ अच्छा वातावरण भी मिलेगा और उनका मन पढ़ाई में भी लगेगा। इस अवसर पर रामचरण वस्त्रकार, मनोज तिवारी, मेंघ भारद्वाज, सुंदर कैवर्त, संतोष टोडर, किशोरी वासुदेव, धनी वासुदेव, धर्मेंद्र बंदे ,कौशल बंजारे, राजिम मरकाम, तिहारू मरकाम, रुंगन वस्त्रकार, वाल्मीकि वासुदेव, लक्ष्मण कैवर्त, जागेश्वर कैवर्त, सतीश मुन्ना बंदे सहित अन्य उपस्थित रहे।

### मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की पुण्यतिथि



**पेंड्रा।** पेंड्रा अटल परिसर में 16 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी की पुण्यतिथि मनाई। सबसे पहले सुबह अटल परिसर की साफ-सफाई कर श्रमदान किया गया, उसके बाद कार्यकर्ताओं ने दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर स्वर्गीय वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में वरिष्ट नेता राकेश चतुर्वेदी ने स्वर्गीय अटल जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, अटल जी ने देश समाज के लिए जो किया, उसका देश सदैव ऋणी रहेगा।

वहीं भाजपा के मंडल अध्यक्ष रमेश तिवारी ने कहा कि, छत्तीसगढ़ के जनक स्वर्गीय अटल जी ने देश को सर्वोपरि मानते हुए सैद्धांतिक रूप से राजनीति की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नपा उपाध्यक्ष शरद गुप्ता, डॉ प्रवीण राय, रामजी श्रीवास, गणेश जसवाल, अजय राय, पवन त्रिपाठी, महेश मिश्रा, आनंद साहू, सौरभ साहू, भूधर सोनी, बीपी सिंह, विनय सूर्यवानी, देव राठौर, विमल मिश्रा, निर्माण जयसवाल, आदित्य पांडे, हीरानन्द जैन, कृष्णपाल जयसवाल, दीपक गुप्ता नरेंद्र राठौर, सुरेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

## घुठीया फीडर का ट्रांसफार्मर भी बंद, पूरे क्षेत्र में छाया अंधेरा

# बैतलपुर में ट्रांसफार्मर खराब, बिजली संकट गहराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव



ग्राम पंचायत चंद्रखुरी में बिजली और पानी की समस्या लगातार गहराती जा रही है। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर की बाउंड्रीवाल से सटा ट्रांसफार्मर पिछले एक सप्ताह से खराब पड़ा हुआ है। इस ट्रांसफार्मर से पूरे गांव सहित शासकीय एवं निजी संस्थानों, पंचायत भवन, उप स्वास्थ्य केंद्र और जल जीवन मिशन के तहत संचालित पेयजल आपूर्ति योजनाएं प्रभावित हो रही हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफार्मर बंद होने से न केवल घरों में अंधेरा है बल्कि नलजल योजना भी ठप हो गई है, जिससे पानी के लिए लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। विद्यालय परिसर में ट्रांसफार्मर खराब होने से छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर भी विपरीत असर पड़ रहा है।इधर, हाल ही में घुठीया फीडर में लगा ट्रांसफार्मर भी खराब हो गया, जिससे चंद्रखुरी बस्ती की बिजली सप्लाई पूरी तरह बंद हो गई है। इससे क्षेत्र की स्थिति और भी गंभीर हो गई है। दो-दो ट्रांसफार्मर खराब होने से अब पूरा गांव बिजली और पानी की किल्लत से परेशान है। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद विभागीय स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। गर्मी के इस मौसम में न पानी उपलब्ध है और न ही रोशनी, जिससे लोगों का जीना दूभर हो गया है।ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के अधिकारियों से तत्काल नए ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

#### बिजली व्यवस्था ठप

ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण ग्राम की विद्युत व्यवस्था ठप हो गई है। कनिष्ठ अभियंता, छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी को पत्र लिखकर समस्या के निराकरण के लिए ज्ञापन दिया गया है।

-रामदयाल मण्डन,
सरपंच, ग्राम पंचायत चंद्रखुरी

#### मिला है ज्ञापन

ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना व ग्राम पंचायत से ज्ञापन मिला है पिछले तीन दिनों से अवकाश होने के चलते ऊपर से ट्रांसफार्मर की व्यवस्था नहीं हो पाई है। उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। बहुत जल्दी ट्रांसफार्मर की व्यवस्था कर समस्या से निजात दिलाई जाएगी।

-संदीप मानिकपुरी,
कनिष्ठ यंत्री,
विद्युत वितरण केंद्र सरगांव



स्काउट गाइड में चयनित छात्राएं

### रेंजर राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा के लिए छात्राओं का चयन

**मुंगेली।** भारत स्कॉउट्स एवं गाइड्स जिला संघ से रेंजर राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा शिविर स्थान झांकी, विकासखंड अभनपुर जिला रायपुर में कुल 8 प्रतिभागी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला मुंगेली से 4 रेंजर तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जरहागांव से 4 रेंजर प्रतिभागी सम्मिलित हो रहे हैं।

यह जांच परीक्षा 18 से 21 अगस्त तक संपन्न होगा। जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रकुमार घृतलहरे के मार्गदर्शन और निर्देशानुसार मे जिसमें बच्चों को आशीर्वाद अध्यक्ष जेठमल कोटरिया, जिला मुख्य आयुक्त राणा प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने बच्चो की उज्जवल भविष्य की कामना की। जिला सचिव डॉ. मोनू बेलदार बच्चों से मिले और राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा मे सभी सफल हो ऐसी कामना कर बच्चों को रवाना किया।